वर्ष 13, अंक 272
गैरसैंण
रविवार
12 फरवरी 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## लेफ्ट और कांग्रेस का गठबंधन केवल चंदा वसूली के लिए: मोदी

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने त्रिपुरा को हिंसा से मुक्ति दिलाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले त्रिपुरा में एक ही पार्टी का झंडा फहराने का अधिकार था और हर काम के लिए चंदा देना पड़ा था लेकिन भाजपा सरकार में हिंसा और चंदे की इस संसति से मुक्ति मिली है।



भाजपा सरकार में कानून का राज है और यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। पीएम ने कहा कि त्रिपुरा में पिछले पांच साल में तेजी से विकास हुआ है।

त्रिपुरा के राधाकिशोरपुर की एक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि जिन्होंने सालों साल बारी-बारी से त्रिपुरा को लूटा, वही लोग फिर से साथ आ गए हैं। ये चंदा के लिए आए हैं। आपका भला करने नहीं आए हैं। इसलिए त्रिपुरा के लोगों को लेफ्ट-कांग्रेस की दो धारी तलवार से सतर्क रहना है। आपने वामपंथियों को हटाया तो उसका नतीजा भी आपके सामने है..आज त्रिपुरा को मुफ्त राशन मिल रहा है, पूरा राशन मिल रहा है। इससे अगर सबसे ज्यादा फायदा किसी को हुआ है तो मेरी माताओं-बहनों को हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के शासन में यहां हजारों गांव ऐसे थे जहां कभी सड़क ही नहीं पहुंच पाई थी। बीते पांच साल में हमने यहां लगभग 5000 गांवों तक सड़क पहुंचाई है।

त्रिपुरा के राधाकिशोरपुर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा के गरीब, जनजातीय समुदाय, महिलाओं और युवाओं के सपने लेफ्ट और कांग्रेस सरकार ने चूर-चूर कर दिए थे। उन्होंने लोगों को त्रिपुरा छोड़कर जाने के लिए मजबूर कर दिया था। बिजली पानी पाना भी लोहे के चने चबाने जैसा था। आपने वामपंथियों को हटाया तो उसी का नतीजा है कि आज त्रिपुरा में मुफ्त राशन मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनसभा में भारी संख्या में लोगों के आने से पता चल रहा है कि त्रिपुरा में भाजपा की सरकार की वापसी हो रही है। लोगों की भारी मौजूद्गी से विपक्षियों की रात की नींद उड़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए रात दिन काम किया है। यहां मौजूद लोग हमारे त्रिपुरा के प्रति समर्पण का उदाहरण हैं।

राधाकिशोरपुर में च्ड मोदी ने कहा त्रिपुरा के लोगों से मेरा वादा है कि यहां फिर से भाजपा सरकार बनने पर राज्य के विकास में और तेजी आएगी। आपके सपने साकार होंगे। भाजपा को दिया एक-एक वोट अनमोल है। आपके वोट की शक्ति आपका और आपके बच्चों का भविष्य सुरक्षित करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी त्रिपुरा के अमबासा में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा चुनाव की यह मेरी पहली जनसभा है और मैं देख रहा हूं कि इतनी बड़ी संख्या में जहां तक मेरी नजर है लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। लोगों की मुस्कान और यह उत्साह बता रहा है कि राज्य में डबल इंजन की सरकार का विकास नहीं रुकेगा। सभी ओर से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार, डबल इंजन की सरकार।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व की कांग्रेस और वामपंथी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों ने त्रिपुरा को विकास के मामले में पीटे धकेल दिया था लेकिन हमारी सरकार सिर्फ पांच सालों में ही त्रिपुरा को तेज विकास की पटरी पर ले आई है। सीपीएम के शासनकाल में पुलिस थानों पर भी सीपीएम कैडर का कब्जा था लेकिन अब भाजपा के राज में कानून का शासन है। लोगों की जिंद्गी को आसान बनाने और महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया जा रहा है।

पीएम ने कहा कि त्रिपुरा में पांच हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है और गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है। अगरतला में एक नया एयरपोर्ट बनाया गया है। अप्टिकल फाइबर और 4जी कनेक्टिविटी गांवों में मिल रही है। अब त्रिपुरा ग्लोबल बन गया है। उत्तर पूर्वी राज्यों को जोड़ने के लिए जलमार्ग विकसित किए जा रहे हैं। त्रिपुरा में बंदरगाह विकसित किया जा रहा है।

## दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का एक्शन, सांसद का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली एजेंसी,** । दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का एक्शन जारी है। ईडी ने आज एक और गिरफ्तारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने आंध्र प्रदेश में वाईएसआर सांसद मगुंता श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे मगुंता राघव को गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिकारी ने खुद ये जानकारी दी है।

इससे पहले ईडी ने हैदराबाद से ही चौरियट एडवरटाइजिंग के राजेश जोशी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 फरवरी को दिल्ली के शराब घोटाला मामले में चौरियट एडवरटाइजिंग के राजेश जोशी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। गोवा चुनाव के दौरान मनी लन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। राजेश जोशी से पहले शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के बेटे गौतम मल्होत्रा की गिरफ्तारी हुई थी।

राजेश जोशी पर आरोप है कि उन्होंने आरोपी दिनेश अरा-ड़ा के जरिए गोवा चुनाव के लिए अपनी विज्ञापन कंपनी रथ विज्ञापन के माध्यम से कथित रूप से 30 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।ईडी ने कथित शराब घोटाले की चार्जशीट में लिखा है कि इस केस की अब तक की जांच से पता चला है कि इन फंडों का हिस्सा गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के लिए इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने आगे कहा कि सर्वे टीमों का हिस्सा रहे वलिंटियर्स को 70 लाख रुपये का नकद भुगतान किया गया था।

## हाईकोर्ट ने गोवा के स्पीकर, आठ दलबदलू विधायकों को नोटिस जारी किया

**पणजी एजेंसी,** । गोवा में बम्बे के उच्च न्यायालय ने एआईसीसी के पूर्व सचिव गिरीश चोडनकर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर और पिछले साल कांग्रेस छोडने वाले आठ विधायकों को नोटिस जारी किया। चोडनकर ने विधानसभा अध्यक्ष को 90 दिनों के भीतर आठ दलबदलू विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिका पर फैसला करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। सूत्रों ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सभी प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 फरवरी को होनी है।14 सितंबर, 2022 को, पूर्व मुख्यमंत्री द्गिंबर कामत, माइकल लोबो, डेलिलाह लोबो, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, राजेश फलदेसाई, अलेक्सो सिकेरा और रुडोल्फ फर्नांडीस बीजेपी में शामिल हो गए थे।

### बघेल को आराम दो, भाजपा को काम दो

## कांग्रेस का नाम ही छलावा: नड्डा

**जगदलपुर, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि, कांग्रेस का नाम ही छलावा है। उनका एक-एक नेता लटकाना, भटकाना ही कांग्रेस की नीति है। कांग्रेस छलावे के लिए ही बनी है। वो लोगों को भटकाने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा नेता सागर साहू की हत्या को लेकर कहा कि, जब से कांग्रेस की सरकार आई है, यहां नक्सली हमले बढ़ गए हैं। जब रमन सिंह की सरकार थी तो सुख-चौन था। कल तक मन बहुत उत्साहित था, जो कल रात घटना हुई, उससे मन बहुत द्रवित है। जेपी नड्डा शनिवार को जगदलपुर में सभा को संबोधित कर रहे थे।



लालबाग मैदान में हो रही जनसभा में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि, क्या ये सच्चाई नहीं है, कि जब से भूपेश बघेल की सरकार आई है, नक्सली हमले बढ़े हैं। यह इनके प्रशासन के बारे में दर्शाता है। जब ड.रमन सिंह की सरकार थी तो सुख, शांति, चौन और अमन था। सब लोगों के लिए काम हो रहा था। उन्होंने कहा कि, अब समय आ गया है कि बघेल को आराम दो और भारतीय जनता पार्टी को काम दीजिए। कहा कि, मैं डक्टर रमन के माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि कांग्रेस का नाम ही छलावा है। कांग्रेस का कोई नेता यह करे तो अचरज की बात ही नहीं है।

## राज्यपाल ने दी भर्ती परीक्षाओं में अनुचित तरीकों पर रोक लगाने से संबंधित अध्यादेश को मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने राज्य में भर्ती परीक्षाओं में अनुचित तरीकों का इस्तेमाल रोकने के लिए जारी अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) नामक अध्यादेश एक कानून बन गया है। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के मुद्रण से लेप्ल्कर परिणाम प्रकाशित करने तक में अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करने वालों को अब अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है और उन पर 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे त्यों से अर्जित उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अध्यादेश को मंजूरी देने के लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। धामी ने ट्वीट किया, अब प्रदेश में होने वाली प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा में नकल विरोधी कानून लागू होगा।

उन्होंने लिखा, , हमारी सरकार द्वारा भेजे गए देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून के अध्यादेश को माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह जी द्वारा त्वरित रूप से स्वीत किए जाने पर हार्दिक आभार! उन्होंने लिखा, युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए हम नकल माफिया को जड़ से उखाड़ने हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। धामी ने भर्ती परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए बृहस्पतिवार को अध्यादेश जारी करने को अपनी मंजूरी दी थी। शुक्रवार देर रात राज्यपाल ने अध्यादेश को मंजूरी दे दी।

## नीतीश कुमार की यात्रा से 3 दिन पहले मुजफ्फरपुर में तीन टाइम बम बरामद, मचा हड़कंप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से ठीक तीन दिन पहले शनिवार को मुजफ्फरपुर में तीन टाइम बम मिले हैं। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले में मामा और भांजा समेत तीन लोगों से पूछताछ की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश 14 फरवरी को यहां आ रहे हैं।

बताया जा रहा कि मिठनपुरा थाना क्षेत्र के तिनकोठिया में एक घर में टाइम बम होने की सूचना मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। बम निरोधक दस्ते के साथ घर में धावा बोला गया। वहां से तीन जिंदा बम बरामद होते ही बिना देरी किए उन्हें निष्क्रिय किया गया। इसके साथ वहां मौजूद कुछ संदिग्धों लोगों को हिरासत में लिया गया।

बताया जा रहा है कि निष्क्रिय किए गए बम में घड़ी जैसा कुछ लगा था। इससे उसके टाइम बम होने की बात कही जा रही है। मामा सैफ आलम और भांजा जावेद अहमद समेत हिरासत में लिए गए सभी लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने इस दौरान मौके से कई अन्य चीजें भी बरामद की हैं।इसके अलावा कई जगहों पर छापेमारी भी चल रही है। एसएसपी राकेश कुमार ने कहा कि मिठनपुरा इलाके से बम बरामद हुआ है। इसमें हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ चल रही है।


## अडाणी विवाद : भारतीय रेगुलेटर अनुभवी , काबू कर लेंगें स्थिति: सीतारमण

**नई दिल्ली एजेंसी,** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडाणी के शेयर को जारी विवाद पर आज कहा कि भारतीय नियामक बहुत अनुभवी हैं और स्थिति पर काबू पाने में सक्षम भी। सीतारमण ने आम बजट पेश किये जाने के बाद रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से एक सवाल के जबाव में कहा कि भारतीय नियामकों को अडाणी समूह से संबंधित मामले की जानकारी है और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से उत्पन्न स्थिति को संभालने में सक्षम है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर लेखाकंन धोखाधड़ी, शेयर में हेराफेरी और मनी लांड्रिंग जैसे आरोप लगाये गये हैं।

## युवाओं का आक्रोश नहीं थमा, साथियों की जमानत का इंतजार

**देहरादून।** बेरोजगार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज शनिवार सुबह सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की। सीएम ने बताया कि वार्ता सकारात्मक रही, लेकिन दूसरी तरफ राजधानी देहरादून में युवाओं के साथ ही कांग्रेस का भी प्रदर्शन जोर-शोर से जारी है।

अपने नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर 30 से 35 युवा शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे हैं। युवाओं के हंगामे को देखते हुए शहीद स्मारक के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। वहीं शहीद स्मारक पर युवाओं के आंदोलन को समर्थन देने जा रहे पूर्व सीएम हरीश रावत को पुलिस ने रोक दिया। इससे कांग्रेसियों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा कई कांग्रेसियों को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस मुख्यालय कूच करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस द्वारा ग्लोब चौक में रोका गया। काफी घंटे तक ग्लोब चौक में रोकने के बाद कार्यकर्ता प्रदर्शन समाप्त कर कांग्रेस भवन जाते वक्त पुलिस को चकमा देकर एश्ले हल चौक से परेड ग्राउंड की ओर भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने परेड ग्राउंड के समीप कार्यकर्ताओं को रोका।

राज्य आंदोलनकारियो ने शहीद स्थल पहुंचकर युवाओं से कहा कि आंदोलकारी उनके साथ हैं लेकिन शहीद स्थल का परिसर खाली करें। आंदोलनकारी युवाओं को समझाते रहे, लेकिन सफल नहीं हुए। शहीद स्थल से मिलने जा रहे मुख्यमंत्री हरीश रावत को पुलिस द्वारा कांग्रेस भवन के बाहर चौक पर रोका गया।वहीं परीक्षा में शामिल होने वाले छह युवाओं की जमानत मंजूर कर दी गई है। जबकि बबी पंवार समेत सात की जमानत पर अब सोमवार को होगी सुनवाई।

बार एसोसिएशन के सचिव अनिल शर्मा ने पुलिस और प्रशासन से सोमवार तक कोर्ट कैंपस खाली करवाएं जाने की अपील की।

## त्रिपुरा में कांग्रेस-वामदल गठबंधन का बड़ा दांव, जीत हुई तो इन्हें बनाया जा सकता है सीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को अब पांच दिन ही बचे हैं। 16 फरवरी को यहां वोटिंग है। इसके ठीक पहले कांग्रेस और वामदल गठबंधन ने बड़ा दांव चल दिया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि राज्य में अगर गठबंधन की सरकार बनती है तो आदिवासी चेहरे को ही सूबे की कमान सौंपी जाएगी।

कांग्रेस के महासचिव अगर वाम-कांग्रेस गठबंधन चुनाव जीतती है तो माकपा के एक वरिष्ठ आदिवासी नेता त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बनेंगे। बता दें कि त्रिपुरा में जितेंद्र चौधरी आदिवासी समुदाय से आने वाले सीपीआई (एम) के बड़े नेताओं में से एक हैं। चौधरी के नाम पर ही सबसे ज्यादा चर्चा चल रही है।

त्रिपुरा में पिछली बार यानी 2018 चुनाव में भाजपा ने



ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। भाजपा ने 25 साल से शासन कर रहे लेफ्ट-कांग्रेस को बेदखल किया था। इस जीत के नायक रहे तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिप्लब देब को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि, 2022 में भाजपा ने देब की जगह मानिक साहा को राज्य की कमान सौंप दी। अब साहा पर भाजपा को सत्ता में वापसी कराने की जिम्मेदारी है।

हालांकि, बीते कुछ महीनों से राज्य में सियासी उथलपुथल जारी है। एक तरफ भाजपा ने 2018 में जीत दिलाने वाले बिप्लब कुमार देब को हटाकर मानिक साहा को मुख्यमंत्री बना दिया तो कई नेता पार्टी से अलग भी हो गए। भाजपा नेता हंगशा कुमार त्रिपुरा इस साल अगस्त में अपने 6,000 आदिवासी समर्थकों के साथ टिपरा मोथा में शामिल हो गए। वहीं, आदिवासी अधिकार पार्टी भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा बनाने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही कई नेता पार्टियां बदल रहे हैं। हमेशा एक-दूसरे की धुर विरोधी रही कांग्रेस और सीपीएम ने इस बार हाथ मिला लिया है। दोनों ही पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का एलान किया है।

कांग्रेस महासचिव के बयान से ठीक एक दिन पहले माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। जब मीडिया ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार को लेकर सवाल पूछा था तो उन्होंने कहा था कि इसका फैसला चुनाव के बाद विधायक करेंगे।

बता दें कि इस बार सीनियर वामपंथी नेता और चार बार सूबे के मुख्यमंत्री रह चुके माणिक सरकार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसके चलते अब सीपीआई (एम) में नए चेहरों को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## 500 विमान खरीदेगी एयर इंडिया , इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी डील

**नई दिल्ली एजेंसी,** । जब से टाटा संस ने एयर इंडिया की कमान संभाली है, तभी से उसकी कोशिश इसकी सर्विस को बेहतर बनाने की है। इसी के चलते कंपनी एक या दो नहीं बल्कि 500 नए एयरक्राफ्ट खरीदने का अर्डर देने जा रही है। ये एविएशन इंडस्ट्री के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े एयरोप्लेन अर्डर में से एक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह डील 100 बिलियन डलर की हो सकती है। डील के तहत एयर इंडिया फ्रांस की कंपनी एयरबस और अमेरिका की कंपनी बोइंग से ये विमान खरीदेगी। इस डील को लेकर कंपनी अगले हफ्ते तक आधिकारिक एलान कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया, एयरबस से 250 विमान खरीदेगी, जिनमें से 210 सिंगल एस्ले ए320ओनेस और 40 वाइड बडी ए350एस विमान होंगे। वहीं बोइंग से खरीदे जाने वाले 220 विमानों में से 190 737 मैक्स नौरोबडी जेट्स होंगे और 20 787 वाइडबडी जेट्स और 10 777-एस विमान होंगे।

## बेरोजगार संघ के प्रतिनिधिमंडल से मिले सीएम

### कहा- वार्ता सकारात्मक, परीक्षा के लिए दी शुभकामनाएं

**देहरादून** । बेरोजगार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज शनिवार सुबह सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की। सीएम ने बताया कि वार्ता सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निष्पक्ष, नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। देश का सबसे कड़ा नकघ्ल विरोधी कघनून उत्तराखंड राज्य में लागू हो गया है।

कल होने वाली पटवारीध्लेखपाल भर्ती परीक्षा को शांति पूर्ण,निष्पक्ष और नकल विहीन कराने के लिए समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

बेरोजगार संघ के प्रतिनिधियों ने भी राज्य में सख्त नकल विरोधी अध्यादेश लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किए जाने की पहल की भी उन्होंने सराहना की। सीएम ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने



के लिए निरूशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों के उज्वल भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। दूसरी तरफ बेरोजगारों पर लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेसियों ने पुलिस मुख्यालय कूच किया। सेंट जोजफ तिराहे पर पुलिस ने कांग्रेसियों को रोका।

12 फरवरी को होने जा रही पटवारी-लेखपाल परीक्षा व अन्य सभी भर्ती परीक्षाएं नए कानून के तहत ही आयोजित होंगी। देर शाम सरकार ने जारी बयान में कहा कि बेरोजगार संघ की मांगों पर सहमति बन गई है। सरकार ने कहा सीबीआई जांच की मांग को उत्तराखंड हाईकोर्ट अस्वीकार कर चुका है।

हाईकोर्ट कह चुका है कि जांच सही दिशा में चल रही है, इसलिए इस प्रकरण की सीबीआई जांच नहीं कराई जा सकती। कहा गया कि आंदोलनकारी युवाओं की मांग थी कि पटवारी भर्ती का प्रश्नपत्र बदला जाए। आयोग पहले ही पुराने प्रश्नपत्र रद्द कर नए प्रश्नपत्र तैयार कर चुका है। नकलरोधी कानून भी लागू हो गया है और परीक्षा नियंत्रक को भी हटाया जा चुका है। इसलिए अब आंदोलन का कोई औचित्य नहीं।

# तुर्की में आए भूकंप की भेंट चढ़ा कोटद्वार का विजय

## पिछले कई दिनों से विजय की कुशलता की प्रार्थना कर रहे थे परिजन, बैंगलौर की एक निजी कंपनी के कार्य से तुर्की गया हुआ था विजय कुमार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 22 जनवरी को कंपनी के कार्य से तुर्की गया कोटद्वार पदमपुर पोखरियाल कालोनी निवासी विजय भी भूकंप की भेंट चढ़ गया। पिछले पांच दिन से परिजन विजय की कुशलता की प्रार्थना कर रहे थे। शनिवार दोपहर विजय के परिवार को यह दुःखद खबर मिली। दुःखी परिवार अब विजय के शव का इंतजार कर रहा है।

जयहरीखाल ब्लॉक के ग्राम दकसुण, हाल निवासी पदमपुर पोखरियाल कॉलोनी निवासी विजय कुमार गौड़ (36) पुत्र स्व. रमेश चंद्र गौड़ बेंगलुरु की ऑक्सीप्लांट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता था। 22 जनवरी को वह कंपनी के काम से तुर्की गया था। जहां वह तुर्की के 'होटल अवसर' में रुका हुआ था। छह फरवरी की सुबह 4 बजे आए भूकंप में उक्त होटल ध्वस्त हो गया था। छह फरवरी को परिजनों



फाइल फोटोः विजय कुमार गौड़

ने टीवी पर तुर्की में भूकंप आने की खबर देखी तो उन्हें चिंता जताते हुए विजय को फोन किया। लेकिन, किसी ने भी फोन नहीं उठाया।

इसके बाद विजय के भाई अरूण ने तहसील में पहुंचकर प्रशासन से केंद्र सरकार के साथ मिलकर उसके भाई की सुध लेने की मांग की। परिवार लगातार विजय से संपर्क करने के प्रयास में जुटा हुआ थे। परिजन विजय की कंपनी से भी संपर्क बनाए हुए थे। शनिवार को तुर्की में विजय का शव बरामद होने के बाद कंपनी ने दुःखद समाचार स्वजनों को दिया।

समाचार मिलने के बाद नाते-रिश्तेदार भी विजय के घर पर पहुंचने लगे हैं। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। विजय की एक पत्नी व एक पांच वर्ष का बेटा भी है। पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

## कौड़िया में एक घर में लगी आग, हादसा टला

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत गब्बर सिंह कैंप मार्ग के समीप एक घर के कमरे में शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे उन्हें आग लगने की सूचना मिली। बताया कि विनोद कुमार के घर में रखे एक फ्रीज से आग की लपटे निकल रही थी। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया। बताया कि आग लगने से घर में रखा फ्रीज, टीवी का पर्दे जल गए थे। दमलक टीम ने सबसे पहले कीचन में रखे सिलेंडर को बाहार निकाला। बताया घर के आसपास घनी आबादी है। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।



कोटद्वार में आग पर काबू पाती दमकल की टीम

## सोशल मीडिया पर वायरल फोटो का तहसील प्रशासन ने लिया संज्ञान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी तहसील में कार्यरत एक राजस्व उपनिरीक्षक के बेरोजगार संगठन के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करने संबंधी फोटो के सोशल मीडिया पर वायरल होने का संज्ञान तहसील प्रशासन ने लिया है। सोशल मीडिया में जो फोटो दिखाई दे रही है उनमें यह राजस्व उपनिरीक्षक भी बेरोजगार युवाओं के साथ है। इस फोटो पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रिया देते हुए तंज कसा है कि कैसे एक वेतन भोगी पटवारी बेरोजगार हो सकता है। सोशल मीडिया में आने के बाद पौड़ी एसडीएम ने इसका संज्ञान ले लिया है। बताया गया है कि पौड़ी तहसील में कार्यरत उक्त राजस्व उपनिरीक्षक इन दिनों अवकाश चल रहा है। एसडीएम सदर आकाश जोशी ने बताया है कि इससे पहले भी इसी तरह के एक मामले में उक्त राजस्व उपनिरीक्षक को चेतावनी जारी हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी राजस्व उपनिरीक्षक के द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया है। एसडीएम ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस फोटो की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नाबालिग को भगाने के इरादे से पौड़ी पहुंचे शातिर, गए जेल

**पौड़ी** : उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से नाबालिग को अपने साथ भगाने के इरादे से पौड़ी पहुंचे दो शातिरों को पौड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पोक्सों सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार दोनों शातिर पौड़ी निवासी एक नाबालिग को अपने साथ भगाकर ले जाने के लिए यहां आए थे। जिसकी भनक परिजनों को लग गई और उन्होंने इस मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दोनों शातिरों को नाबालिग के घर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली के एसएसआई महेश रावत ने बताया कि पुछताछ में दोनों शातिरों ने बताया कि उनकी करीब आठ महीने पहले इंस्टाग्राम से दोस्ती हुई थी। इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू हो गई। इसके बाद दोनों ने नाबालिग को अपने साथ भगाकर ले जाने का प्लान बनाया और वह इसके लिए पौड़ी पहुंचे। लेकिन इसकी भनक परिजनों को लग गई और परिजनों ने घर में आए दोनों शातिरों को बंद कर पुलिस को सूचना दे दी। जिस पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसएस-आई के मुताबिक परिजनों की तहरीर पर सुहेल पुत्र आबिद मोहल्ला जाटान, थाना पुरकाजी और अयान पुत्र मनबर मोहल्ला सरोज्ञान थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर को विरुद्ध पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## आश्वासन पूरा नहीं हुआ तो फिर आंदोलन

चमोली। व्यापार संघ गैरसैंण के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि यदि निर्धारित समय में सीएचसी गैरसैंण अब उप जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा दिये गये आश्वासनों पर अमल न हुआ तो तीन माह बाद पुनः आंदोलन का बिगुल बजाया जायेगा।

व्यापार संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में 38 दिन तक चले धरना कार्यक्रम में प्रखंड की 42 से अधिक महिला मंगल दलों ने इस दौरान शिरकत की। व्यापार संघ अध्यक्ष ने सभी ममंदलों को धन्यवाद देते हुये कहा कि जनता खासकर मातृ शक्ति अब अपने अधिकारों के लिए सजग हो रही है।

# बेरोजगारों पर डंडे बरसाना गलत, किया विरोध



कोटद्वार के दुर्गापुरी में आयोजित बैठक में भाग लेते युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार के बेरोजगार युवाओं ने देहरादून में आंदोलन कर रहे युवाओं पर डंडे बरसाने के आदेश देने वाले जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कहा कि प्रदेश में युवाओं का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

शनिवार को दुर्गापुर चौराहे में युवाओं की बैठक आयोजित की गई। पार्षद सौरभ नौडियाल ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे युवाओं पर डंडे बरसाना गलत है। पुलिस कर्मियों को डंडे बरसाने के आदेश देने वाले जिलाधिकारी देहरादून व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में युवाओं के ऊपर दर्ज किए गए मुकदमों को भी वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ सचिव अंकित काला, आशीष रौतेला, मोहित कंडवाल, अभिषेक नेगी, मोहित भटिया, मनीष आर्य आदि मौजूद रहे।

## एक सप्ताह बाद भी नहीं मिला नदी में बहे सगे भाइयों का कोई सुराग

टिहरी। बीते रविवार को अलकनंदा नदी में बहे सगे भाई अभिषेक और आदेश का एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें गंगा नदी में लगातार सर्च अभियान चलाये हुए हैं। अलकनंदा नदी की तेज धारा में बहने वाले सगे भाइयों का शनिवार शाम तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। अपने लाडलों के मिलने की आस में अभी भी मां संगीता देवी और पिता हीरालाल मिश्रा ने आस नहीं छोड़ी है। वहीं पुंडल गांव और बाह बाजार के युवाओं का एक दल पुलिस और एसडीआरएफ टीम के साथ लगातार सर्च अभियान में लगा है। थाना प्रभारी बाह सुनील पंवार ने बताया कि बच्चों की तलाश में गंगा के गहरे स्थानों पर गोताखोरों द्वारा तलाशी की जा रही है, साथ ही गंगा किनारे पैदल चलकर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# युवाओं के हित में है केंद्र सरकार का बजट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से बजट को लेकर राजकीय महाविद्यालय भाबर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने युवाओं को बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि केंद्र सरकार का बजट युवाओं के हित में है।

शनिवार को राजकीय महाविद्यालय भाबर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश कार्यालय प्रभारी युवा मोर्चा विमल चौधरी ने विद्यार्थियों को बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि बजट के तहत देश में पचास नए मेडिकल कालेज खोलने का प्रावधान है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। साथ ही देश में तीस मल्टीस्पेशल कौशल विकास सेंटर खोलने का भी वादा किया गया है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शांतनु रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नकल माफियाओ पर नकेल कसने के लिए प्रदेश में सख्त नकल कानून लागू किया है।

सरकार लगातार युवाओं के हित में कार्य कर रही है। कहा कि युवाओं को भी आगे बढ़कर अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीके अग्रवाल, छात्र संघ अध्यक्ष अंशिका केष्टवाल, शुभम रावत, मुकुल नेगी, महावीर सिंह, संजय भंडारी, अमन बुड़ाकोटी, शुभम राणा, विजय रावत, अवधेश घिल्डियाल, हार्दिक सिंह, दीपक कर्दियाल आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन हेमंत गौड़ ने किया।



महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बजट की जानकारी देते कार्यकर्ता

# चला रहे अभियान, धरातल पर नहीं दिख रहा परिणाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम व पुलिस गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। लेकिन, धरातल पर कोई परिणाम नजर नहीं आ रहा। हालत यह है कि टीम के बाजार में पहुंचने से पहले ही अतिक्रणकारी अपना सामान हटा देते हैं और जैसे ही टीम वापस लौटत है स्थिति जस की तस हो जाती है।

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम व पुलिस इन दिनों अभियान चला रही है। लेकिन, शहर को अतिक्रमण मुक्त करना टीम के लिए एक चुनौती बन गया है। पूर्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पीएसी तक तैनात कर दी गई थी। कुछ माह सख्ती दिखाने के बाद पुलिस व पीएसी ने मार्ग पर ध्यान देना छोड़ दिया था। नतीजा, वर्तमान में स्थिति जस की तस हो गई है। अब दोबारा नगर निगम व पुलिस पिछले चार दिन से शहर में संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। जैसे ही पुलिस व नगर निगम की टीम अभियान चलाने के लिए बाजार की ओर अपना रूख करती है, उससे पहले ही अतिक्रमणकारी अपना सामान हटा देते हैं। ऐसे में टीम केवल एक–दो फड़ वालों का चालान काटकर वापस आ जाती है। अभियान समाप्त होने के चंद मिनट बाद ही पूरा बाजार अतिक्रमण की जद में आ जाता है। अतिक्रमण हटाने के लिए बनाई जा रही निगम व पुलिस की सभी योजनाएं धरातल पर फेल होती नजर आ रही हैं। सबसे बुरी स्थिति नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड, गोखले मार्ग व देवी रोड की बनी हुई है।



कोटद्वार के गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची पुलिस

## हंस फाउंडेशन ने स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया

टिहरी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल टीम की ओर से चंबा ब्लॉक के खंडकरी गांव के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं को मासिक के धर्म के बारे में जानकारी दी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने चंबा के खंडकरी गांव में स्वास्थ शिविर का आयोजन कर करीब 50 लोगों की स्वास्थ जांच की जांचकर उन्हें निशुल्क दवाई दी। दूसरी ओर टीम ने राइंका और उमावि खंडकरी की छात्रों को मासिक धर्म के दौरान साफ–सफाई रखने तथा खानापान को लेकर जागरुक किया। डॉ. मनुबाला ने मासिक धर्म के दौरान दिन में कम से कम तीन लीटर पानी पीने, स्वच्छ पोष्टिक भोजन करने, सेनेटरी पैड का उपयोग करने की सलाह दी। मेडिकल टीम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल कैंतुरा, भारती बधानी, गोदाबंरी बिजल्वाण, अजय चोकियाल, कुलवीर पुंडीर आदि उपस्थित थे।

# पोस्टर खदीजा खातून, निबंध में दीर्घा जोशी, भाषण में सोनम नेगी ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डॉ0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बायोटेक विभाग में परिषदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने छात्र-छात्राओं को आगामी प्रतियोगिताओं में इसी उत्साह से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। विभाग की विभागध्यक्ष डॉ0 सुनीता नेगी ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से हमारी प्रतिभाएं उजागर होती है एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। पोस्टर प्रतियोगिता में खदीजा खातून, सोनम रावत एवं अनामिका प्रजापति, निबंध प्रतियोगिता में दीर्घा जोशी, अनामिका प्रजापति तथा नंदिनी सक्सेना, भाषण प्रतियोगिता में सोनम नेगी, अमनदीप कौर एवं सिद्धार्थ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का विभागीय पदाधिकारियों के रूप में चयन भी किया गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव एवं कोषाध्यक्ष के रूप में क्रमशः निखत अंसारी, श्रद्धा जोशी, दिशा सती, रोहित सिंह गुसाईं एवं अमनदीप कौर को चुना गया। कक्षा प्रतिनिधित्व के रूप में एमएससी तृतीय सेमेस्टर से निखत अंसारी, एमएससी प्रथम सेमेस्टर से सोनम रावत, बीएससी तृतीय वर्ष से प्रियांशी चौधरी, बीएससी द्वितीय वर्ष से आलिया मंसूरी एवं बीएससी प्रथम वर्ष से आदित्य को चुना गया। इस अवसर पर बायोटेक विभाग के समस्त शिक्षक गण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्यूंसी ने जीती रस्साकसी की प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल अंतर्गत स्यूंसी शिवाजी स्टेडियम में स्वः जगदीश कंडारी मेमोरियाल ट्रस्ट द्वारा महिला मंगल दलों की रस्साकशी खेल प्रतियोगिता में स्यूंसी बाजार महिला मंगल दल ने 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार जीत कर बाजी मारी है। प्रतियोगिता में 60 महिला मंगल दलों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

ब्लाक स्तरीय रस्साकशी खेल प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिहं रावत ने दीप जलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। बीरोंखाल ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी ने कहा कि लोक संस्कृतिक को बढ़ावा देने व महिलाओं के सम्मान के लिए यहां प्रतियोगिता शिवाजी स्टेडियम स्यूंसी में हर वर्ष कराई जाती है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में महिला मंगल दल स्यूंसी बाजार ने बाबा जसवंत कल्ब बाडियू को पराजित कर 21 हजार रुपये व आकर्षक ट्राफी, द्वितीय बांडियू 11 हजार रूपयें, तृतीय सैंधार 51 सौ रुपये दिए। सभी विजेता टीमों को पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिहं रावत द्वारा सम्मान किया। प्रतियोगिता में सात महिला मंगल दल ककरोड़ा, भतबौं, बंगार, सुंगरिया छोटा, सुकई, सिंदुड़ी, सुकई को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 11 सौ रुपये दिए। इस अवसर पर मंदीप पटवाल, सुरेन्द्र सिहं गुसाईं, नंद किशोर नौटियाल, यशपाल सिंह नेगी, मोहन लाल, दीपक नेगी आदि थे।

# वयोवृद्ध जगदीश प्रसाद ममगाईं को किया सम्मानित

कोटद्वार : पूर्व शिक्षक वयोवृद्ध जगदीश प्रसाद ममगाईं को एडवोकेट जगमोहन भारद्वाज स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से पूर्व शिक्षक वयोवृद्ध जगदीश प्रसाद ममगाईं को एडवोकेट जगमोहन भारद्वाज स्मृति सम्मान दिया गया है। आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य ने बताया कि जगदीश प्रसाद ममगाईं एक आदर्श शिक्षक रहे हैं। उन्होंने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। बीर सिंह ने कहा कि जगदीश प्रसाद ममगाई सरल, सौम्य, सहज व्यक्ति है। उम्र के इस पड़ाव में भी वह समाजिक हितों को लेकर अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ममागईं को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के महासचिव पीएल खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, जर्नादन ध्यानी, विनोद नेगी, नरोत्तम शर्मा, सुनीता बिष्ट आदि मौजूद रहे।



वयोवृद्ध जगदीश प्रसाद ममगाईं को सम्मानित करते सदस्य

## मनरेगा लोकपाल ने किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। मनरेगा लोकपाल चंडी प्रसाद चमोली ने किया जखोली ब्लाक के जैली कंडाली क्षेत्र में योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जबकि कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को योजनाओं पर गुणवतापरक कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोंगो एवं फरियादों की बात को गंभीरता से लेते हुए मौके पर निस्तारण किया। जखोली ब्लाक के सिलगड़ क्षेत्र के शीशों, मवानगांव, कंडाली ,जैली गांव में पहुंचे लोकपाल मनरेगा चंडी प्रसाद चमोली ने मनरेगा में निर्मित एवं निर्माणाधीन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर रोजगार सेवक हरीश सेमवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला बहुगुणा, ग्राम प्रधान पूजा थपलियाल, पूर्व ग्राम प्रधान ओम प्रकाश बहुगुणा, राकेश भट्ट, बलबीर मेखली, उमेद सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुमन देवी, मोर सिंह आदि मौजूद थे।

## पिथौरागढ़ में 31 पेटी अवैध शराब के साथ एक पकड़ा

पिथौरागढ़। नगर में अवैध शराब को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक दुकान से 31 पेटी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर बीते रोज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नगर के लिंठ्यूड़ा (कोर्ट तिराहे) के समीप गली में छापा मारा। इस दौरान दुकान से 27 पेटी अंग्रेजी शराब व चार पेटी केन बीयर की बरामद हुई। मामले में पुलिस ने भंडारीगांव रोड़ीपाली निवासी नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ एसआई प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, एसओजी प्रभारी हेम चन्द्र तिवारी,गंगा सिंह, विरेन्द्र जीना शामिल रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने किया बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन



रुद्रपुर। भाजपा किसान मोर्चा ने लालपुर में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

चर्चा के दौरान महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि मोदी सरकार ने बाजरे की फसल को लेकर अभियान शुरू किया है।

विश्व बाजार में मोटे अनाज की पहचान बने, इसके लिए केंद्र सरकार ने इसे श्री अन्न का नाम दिया है। बजट में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पर्याप्त संभावनाएं दी गई हैं। साल में तीन बार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधे किसानों के खातों में जमा होती है।

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए ऐतिहासिक बजट दिया है। सरकार की नीतियों से किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ किसानों ने अपने विचार रखे। इस दौरान अक्षय अरोरा, राजेश तिवारी, बलजीत गाबा, प्रवीण छाबड़ा, अमित मदान, आदेश मिश्रा, नारायण पाठक, दीपक मिश्रा, अंकित पाठक आदि रहे।

## गर्भवतियों को सही पोषण और बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

अल्मोड़ा। डीएम अल्मोड़ा वंदना और जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर एएनएम उपकेंद्र लोधिया में निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टरों ने गर्भवतियों को सही पोषण और बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। शनिवार को एएनएम उपकेंद्र लोधिया में लगे शिविर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा चौसली की प्रभारी डॉ. हेमलता ने गर्भवतियों की जांच की। इस दौरान उन्होने गर्भवतियों को सही पोषण समेत एनीमिया से बचाव और बेहतर स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गर्भवतियों को सही पोषण लेने और समय–समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।

# ताइक्वांडो में बागेश्वर के खिलाड़ियो ने जीते 22 पदक



बागेश्वर। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। यहां के खिलाड़ियों ने 22 पदक जीते।

देहरादून में नौ से दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकुंभ प्रतियोगिता में बागेश्वर के 42 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अंडर 14, 17, 21 बालक, बालिका वर्ग में बागेश्वर के खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर डीएम अनुराधा पाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत, जिला खेल अधिकारी सीएल वर्मा, जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी, नीरज पांडेय आदि ने खुशी जताई है।

# 10 दिवसीय होममेड धूप–अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण का समापन




चम्पावत। आरसेटी की ओर से एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का मानर गांव में चल रहे 10 दिनी होममेड धूप–अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण का समापन हो गया है। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम मूल्यांकन कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शनिवार को आरसेटी सभागार में समापन कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी निदेशक आरपी टम्टा ने किया। इस अवसर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए उत्पादों को बनाकर स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने संस्था की ओर से आने वाले दो सालों तक सहयोग और मार्गदर्शन देने की बात कही। साथ ही बैंकिंग, ऋण, साइबर क्राइम, सरकारी योजनाओं, समय प्रबंधन की जानकारी दी। अंतिम मूल्यांकन में निर्मला मनराल ने प्रथम, बबीता ने दूसरा और मेघा मनराल ने तीसरा स्थान हासिल किया। यहां फैकल्टी प्रकाश चंद्र, मास्टर ट्रेनर ममता मेहरा, आरसेटी के राजेश पंत, महेंद्र सिंह पटवा, छवि दत्त पांडेय मौजूद रहे।

## सरकार ने बजट में रखा है सभी वर्गों का ध्यान : पांडेय

चम्पावत। भाजयुमो और महिला मोर्चा के तत्वावधान में केंद्रीय बजट चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया। यहां वक्ताओं ने केंद्रीय बजट से युवाओं और महिलाओं को होने वाले लाभ की जानकारी दी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। जिसमें रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि प्रमुखता से शामिल हैं। कौशल विकास केन्द्रों व उच्च शिक्षा पर सरकार का विशेष फोकस है। भाजपा नेता रोहिताश अग्रवाल ने गरीब लोगों के हितों में लागू की गई योजनाओं की जानकारी दी।

# सीएम के ओएसडी को बताई सड़क, पानी और बिजली की समस्याएं



चम्पावत। लोहाघाट के सुंई में मुख्यमंत्री के ओएसडी नवीन पंत ने ग्रामीणों संग बैठक की। यहां लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, दूध के दाम बढ़ाने आदि समस्याओं से अवगत कराया। सुंई के आदित्य महादेव मंदिर में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन चम्पावत के अध्यक्ष मदन पुजारी ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ चम्पावत जिले के किसानों की प्रमुख समस्याओं का एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चम्पावत जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, किसानों के सभी ऋण माफ करने, जंगली जानवरों से निजात दिलाने, पिछले साल अतिवृष्टि से फसलों के नुकसान का मुआवजा, केन्द्र सरकार की तर्ज पर किसानों को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस दौरान ओएसडी ने लोगों की समस्याओं को सीएम तक पहुंचाने का भरोसा दिया। संचालन भुवन चौबे ने किया। यहां केशव चौबे, हेम जोशी, पूरन राम, नवीन चौबे, दिनेश पुजारी, त्रिभुवन तिवारी, परमानंद चौबे, कैलाश चंद्र, घनश्याम के अलावा बीडीओ केके पांडेय, कमला बोहरा, भैय्यू बोहरा, बृजेश चतुर्वेदी रहे।

# उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त टीम ने किया हरिनाग माइंस का निरीक्षण



बागेश्वर। उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त टीम ने रीमा के दुलम पड़गड़ क्षेत्र में हरिनाग माइंस का निरीक्षण किया। जांच टीम में पूर्व आईएएस अजय कुमार लाल समेत एडवोकेट आदि ने खान क्षेत्र में कई अनियमितताएं पाई जिन्हें उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जाएगा। हरिनगर माइंस में लंबे समय से ग्रामीण खान नियमों का पालन न करने का आरोप लगा रहे हैं। परंतु किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, इससे आहत कुछ ग्रामीणों ने इस संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी। जिस पर उच्च न्यायालय ने इसकी जांच के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए तथा पूर्व आइएएस अधिकारी को भी इसमें शामिल किया। टीम के अधिकारियों व कोर्ट कमिश्नर समेत सदस्यों ने खान क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें टीम के समक्ष ग्रामीणों ने कहा कि अनुबंध के अनुसार खान मालिक ने रीमा बनलेख अश्व मार्ग से माल के ढुलान की अनुमति ली है, जबकि अश्व मार्ग से ढुलान न करके मोटर मार्ग से ढुलान किया जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी पं० दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

अल्मोड़ा। भाजपा नेताओं ने शनिवार को चनौदा के रियूनिया में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रगति और गरीबों की सेवा के लिए दीन दयाल उपाध्याय ने जीवन पर्यन्त कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष लीला बोरा ने देश और भाजपा के प्रति पंडित दीन दयाल उपाध्याय के योगदान अनुकरणीय बताया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कमेटी सदस्य मोहन सिंह दोसाद, पूरन सिंह बोरा, जिला मंत्री बंदना आर्य, सुरेंद्र सिंह भाकुनी, दीवान सिंह बोरा, सुंदर राणा आदि मौजूद रहे।

# एसपीओ आपदा मित्र हेतु आठ लोगो का चयन




पिथौरागढ़। आपदा प्रबंधन व विशेष परिस्थितियों में पुलिस का सहयोग करने के लिए धारचूला के 8 लोगों का एसपीओ आपदा मित्र के रुप में पुलिस के द्वारा चयन किया गया है।कोतवाल कुंवर सिंह रावत ने बताया कि पुलिस महा–निरीक्षक कुमाऊंद्वारा थाना क्षेत्र में आपदा एवं अन्य कार्यों में पुलिस को विशेष सहयोग प्रदान करने वाले ब्लॉक प्रमुख धन सिंह धामी,महीराज गर्ब्याल,नवीन खर्कवाल,गगन धामी,प्रकाश गुंज्याल, व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र थापा,नंदा बिष्ट,सभासद जानकी गुंज्याल को विशेष पुलिस अधिकारी आपदा मित्र का परिचय पत्र वितरित किया गया। एसपीओ आपदा मित्र बनाए जाने पर सभी ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए समाज के हित में साथ मिलकर कार्य करने की बात कही। इस दौरान निरीक्षक शेर बहादुर उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मनोज कुमार हेड कांस्टेबल आन सिंह , सुरेश सिंह विनय गिरी महिला कांस्टेबल प्रेमा मेहता आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग टीम ने फंदे में फंसे तेंदुए को रेस्क्यू कर सकुशल जंगल में छोड़ा



रुद्रपुर। कोटखर्रा क्षेत्र में खेत किनारे झाड़ियों में शिकारियों के फंदे में एक तेंदुआ फंस गया। सुबह जब ग्रामीणों ने तेंदुए को फंसे देखा तो वन विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तेंदुए को सकुशल जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार शिकारी ने जंगली जानवरों को फंसाने के लिए हरीश टाकुली के खेत किनारे झाड़ियों में फंदा लगा रखा था। शुक्रवार रात फंदे में तेंदुआ फंस गया। शनिवार को हरीश टाकुली जब खेत पर पहुंचे, तो उन्हें झाड़ियों में तेंदुआ फंसा दिखाई दिया। तेंदुआ फंसने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तेंदुए को बेहोश कर फंदे से आजाद किया। इसके पश्चात तेंदुए को पिंजरे में बंद कर सकुशल जंगल में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम में एसडीओ अनिल कुमार जोशी, डिप्टी रेंजर मनोज कुमार जोशी समेत वन कर्मी शामिल रहे।

## हवाई सेवा के संचालन हेतु वरिष्ठ नागरिक करेंगे शुद्धि हवन

पिथौरागढ़। आल इंडिया सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी सीमांत में हवाई सेवा के संचालन के लिए शुद्धि हवन करेंगे। नगर के रामलीला मैदान सदर में बीते रोज संगठन के अध्यक्ष दयानंद भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने हवाई सेवा शुरू न होने पर नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा सरकार हवाई सेवा के नाम पर जनता के साथ धोखा कर रही है। सेवा शुरू करने के लिए सरकार बार–बार तिथि निर्धारित करती है, लेकिन लोगों को मासूयी के सिवाय कुछ नहीं मिलता। आगामी 23 फरवरी से संगठन ने शुद्धि हवन करने का निर्णय लिया है। यहां गिरधर सिंह बिष्ट, ई. एलपी जोशी, पीडी भट्ट, बुद्धि बल्लभ भट्ट, धनीराम चन्याल, सोबन सिंह खड़ायत मौजूद रहे।

# विधायक अरोरा ने किया नवनियुक्त दक्षिणी मंडल पदधिकारियों का स्वागत



रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने कैंप कार्यालय में नवनियुक्त दक्षिणी मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने मिष्ठान वितरण किया। शनिवार को विधायक अरोरा ने कहा नवनियुक्त दक्षिणी मंडल पदधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उससे निश्चित रूप से संगठन को मजबूती मिलेगी। यहां मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, महामंत्री सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, राजन राठौर, प्रीति धीर, गिरीश पाल, बाबू चड्ढा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, रोनिक नारंग, पंकज बागा, यमन बब्बर, मनोज मदान, मोहित कक्कड़, मानिक अरोरा, अरविंद गंगवार, ललित बिष्ट रहे।

# पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि अर्पित की



रुद्रपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। यहां मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, महामंत्री अमित रस्तोगी, दीपक गुप्ता, अमित जिंदल, सोनू गुप्ता, सोनू सक्सेना, अभिषेक जैन, सत्येंद्र दिवाकर, ललित सक्सेना, अरविंद श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## व्यापारी ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

पिथौरागढ़। नगर के एक व्यापारी ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। शनिवार को नगर के पुरानी बाजार के कपड़े का कारोबार करने वाले व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने बताया कि वे पुलिस लाइन क्षेत्र में रहते हैं। बीते छह फरवरी को किसी समस्या को लेकर वे एसपी कार्यालय गए थे। आरोप लगाते हुए कहा कि वहां पुलिस कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना के बाद वे मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। भट्ट का कहना है कि पूर्व में भी उन्हें परेशान के लिए पुलिस ने फर्जी मुकदमा दायर किया था। उन्होंने भविष्य में भी पुलिस से जान माल का खतरा बताया है। इधर इस मामले में पुलिस पर संबंधित की तरफ से लगाए जा रहे आरोपों की सत्यता का पता लगाने की कोशिश की गई, लेकिन विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

# व्यापारियों ने डीडीए के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका



रुद्रपुर। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा व्यापारियों के वर्षों पुराने भवनों को लेकर नोटिस जारी करने और आम जनता को परेशान करने का आरोप लगाते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदधिकारियों ने काशीपुर बाईपास रोड स्थित बालाजी द्वार के पास प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। व्यापारियों ने कहा कि प्राधिकरण की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द ही मुख्यमंत्री के रुद्रपुर आगमन पर उन्हें प्राधिकरण द्वारा उत्पीड़न के बारे में बताया जाएगा। शनिवार को काशीपुर बाईपास रोड पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा और महामंत्री हरीश अरोरा के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्राधिकरण का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण आम जनता और व्यापारियों के वर्षों पुराने बने भवनों को नोटिस जारी करके ऑफिस के चक्कर लगाने के लिए मजबूर कर रहा है। इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों को नक्शे स्वीकृत करवाने में दिक्कत हो रही है। वहीं कार्यालय में नोटिसों के निस्तारण के लिए तारीख पर तारीख देकर लोगों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि वर्ष 1998 से नगर पालिका से आज तक कई नोटिस का निस्तारण नहीं हुआ है। वहीं इन सभी नोटिसों का संज्ञान लेकर जिला विकास प्राधिकरण व्यापारियों और आम जनता को परेशान कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने भवनों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में किसी भी तरह का मरम्मत कार्य कराए जाने पर भी प्राधिकरण नोटिस देकर कार्यालय के चक्कर लगवा रहा है।

# सड़क नहीं बनने से नाराज लोग क्रमिक अनशन पर

चमोली। उर्वा ऋषि आश्रम गीरा बांसा को जोड़ने वाली सड़क पर कार्य शुरू न होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने शनिवार 11 फरवरी से कल्पेश्वर महादेव मंदिर के निकट जूनगेर मैदान में क्रमिक अनशन की शुरू कर दिया है। उर्गम घाटी के सामाजिक कार्यकर्ता रघुवीर सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी को ग्रामीणों की पीएमजीएस वार्ता के अधिकारियों से वार्ता विफल हो गई थी। जिससे नाराज ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। रघुवीर सिंह नेगी ने बताया पूर्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर क्रमिक अनशन की चेतावनी दी थी। साथ में जूनगेर से आगे ठेकेदार के वाहन को रोकने की चेतावनी दी। गुस्साएं ग्रामीणों ने जूनगेर से आगे वाहनों के जाने पर भी रोक लगा दी। हेलंग अर्गम मोटर मार्ग पर किमी चार खबाला भैंटा भर्की गीरा बांसा मोटर मार्ग 16.5 किमी प्रस्तावित है जिस पर जूनगेर से आगे भर्की भैंटा पर कार्य चल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कुछ साल पहले देवग्राम के रांता तोक में निर्माणाधीन सड़क को छोड़कर भर्की भैटा पर सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया। बार–बार ग्रामीणों द्वारा गीरा बांसा सड़क मार्ग शुरू करने के लिए पूर्व विधायक महेन्द्र भट्ट वर्तमान विधायक राजेंद्र भंडारी समेत जिला अधिकारी चमोली उपजिला को भी ज्ञापन दिया गया लेकिन दो साल बीतने पर भी कोई कार्यवाही शुरू नहीं हुई केवल झूठे आश्वासन दिये गये। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यवाही न होने से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। इस अवसर पर नीरज मेहरा सरपंच देवग्राम राजेन्द्र रावत, लक्ष्मण सिंह, पुष्पा देवी, शिव सिंह काला, बिन्दा देवी, कुंदन सिंह, कुंवर सिंह समेत 62 ग्रामीण मौजूद रहे।

# पटवारी परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग स्तर से आयोजित हो रही राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासन एवं पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस ने परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर ली है। साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल मूवेबल स्थिति में रहेगा। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि रविवार 12 फरवरी को हो रही परीक्षा के लिए पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न करवाएगी। जनपद के सभी 8 परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। ड्यूटी पर नियुक्त होने वाले सभी पुलिस कार्मिकों को निर्धारित वर्दी में सुबह 8:45 बजे से पूर्व ड्यूटी से संबंधित परीक्षा केंद्रों में मौजूद होने के निर्देश दिए गए हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे और चेकिंग आदि में पुलिस का सहयोग करें। कहा कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ब्लूटूथ डिवाइस, स्कैनर, मोबाइल, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस, खाद्य पदार्थ, मैग्जीन, किताबें, पेन/बटन हॉल कैमरा, पेपर चिट्स, घड़ियां आदि ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# बीडीसी बैठक में सदस्यों ने उठाईं समस्याएं

टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक की बीडीसी बैठक ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई। सदस्यों ने बैठक में अधिकारियों के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा। सीडीओ ने अधिकारियों को सदस्यों द्वारा उठाये गये मुद्दों के निस्तारण के निर्देश दिये। बीडीसी बैठक में क्षेपंस हरीप्रसाद डिमरी ने ग्राम पंचायत पुजार गांव की क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर की मरम्मत तथा विधवा, वृद्ध, दिव्यांगों पात्र लोगों को पेंशन देने की मांग सदन में रखी। चंद्रशेखर पैन्यूली ने क्षेत्र में शैक्षिक, खेल सहित अन्य गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों को शामिल न कराये जाने पर नाराजगी जताई। लोकपाल कंडियाल ने टिहरी झील के समग्र विकास के लिये पर्यटन विकास परिषद की ओर से कराये जा रहे कार्यों में रौलाकोट, सेम मुखेम सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों को शामिल करने की मांग की। साथ ही सेरा मुल्या गांव मोटर मार्ग के सुधारीकर तथा काश्तकारों का बकाया प्रतिकर देने की मांग बैठक में रखी। क्षेपंस धीरेंद्र महर ने पीएचसी मांजफ में चिकित्सकों की तैनाती, लंबगांव स्थित अस्पताल में एक्सरे मशीन संचालित करने, पीएचसी हलेथ में महिला डिलीवरी केंद्र खोलने की मांग में रखी। प्रधान राहुल राणा ने ग्राम पंचायतों की खुली बैठक में की सूचना जनप्रतिनिधियों को न दिये जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही अन्य सदस्यों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी आदि के मुद्दों पर अधिकारियों से जबाव मांगा। बैठक में डीडीओ सुनील कुमार,एसडीएम प्रेम लाल, जिपंस प्रमिला उनियाल, ज्येष्ट प्रमुख कामना सेमवाल, कनिष्ट प्रमुख संगीता देवी, गोविंद रावत, ममता कलूडा ,गुमान सिंह, साकिर हुसैन, एसीएमओ एलडी सेमवाल, मुकेश रतूडी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री भाजपा में शामिल

चमोली।विधानसभा मुख्यालय पर लगातार कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पूर्व में यहां से कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष सहित तीन से अधिक बड़े नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं। जबकि शुक्रवार को कांग्रेस में नगर अध्यक्ष, जिला महामंत्री सहित अन्य पदों पर रहे वरिष्ठ नेता हरीश सती ने गैरसैंण में भाजपा की सदस्यता ली।

# संस्कृति से होती है समाज की पहचान: गणेश जोशी

विकासनगर। यमुना शरदोत्सव क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय परिसर में सभागार निर्माण और ग्राम पंचायत डिमऊमें बहुउद्देश्यीय भवन निर्माण कराने की घोषणा की। खिलाड़ियों से परिचय के दौरान मंत्री ने मैदान में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रदर्शन करने की सलाह दी।

मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए काबिना मंत्री ने कहा कि जौनसार बावर का प्रवेश द्वार, कई ऐतिहासिक गाथाओं का साक्षी और ऋषि मुनियों की तपस्थली के साथ ही सम्राट अशोक का सबसे पंसदीदा स्थल कालसी पूरे देश मे अलग पहचान रखता है। कहा इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं। वहीं विभिन्न प्रांतों की अनूठी लोक संस्कृति की झलकियां भी देखने को मिलती हैं। कहा किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति से होती है। मंत्री ने कहा कि इस महोत्सव में जहां भव्यता, सभ्यता के साथ– साथ क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों और लोक कलाकारों को एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। बताया कि हमारी सरकार खिलाड़ियों और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने सरकार की ओर से यमुना शरदोत्सव क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति कालसी को हर संभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर आयोजकों ने ने काबिना मंत्री को को स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने साहिया में कोल्ड स्टोरेज खोलने और बागवानों को स्थानीय स्तर पर विपणन की व्यवस्था कराए जाने की मांग काबिना मंत्री से की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मठोर सिंह, भीम सिंह चौहान, रितेश असवाल, पूनम नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई विवाहिता

ऋषिकेश। बैराज कॉलोनी निवासी एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति ने पुलिस को शिकायत देकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक को खुशी राम पांडे के मुताबिक पति ने बताया कि उसकी पत्नी शुक्रवार को घर से बच्चे के स्कूल जाने के लिए कहकर निकली थी। देर रात तक नहीं लौटी, तो आसपास खोजबीन की, मगर पत्नी का कुछ पता नहीं लगा। बताया कि विवाहिता की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। इस बारे में आसपास के थाना क्षेत्रों को भी सूचित कर दिया गया है। दावा किया कि जल्द ही विवाहिता को तलाश कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## भाकिमो ने किया बजट पर चर्चा हेतु किसान चौपाल का आयोजन

ऋषिकेश। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बजट पर चर्चा के लिए किसान चौपाल लगाई।

इसमें वक्ताओं ने किसानों को बजट 2023 में किसान और कृषि के लिए रखी गई योजनाओं की जानकारी दी। शनिवार को श्यामपुर में भाजपा किसान मोर्चा ऋषिकेश जिला के कार्यकर्ताओं ने बजट पर चर्चा के लिए किसान चौपाल का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र रावत ने कहा कि बजट 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए प्रावधान किए हैं। किसान व कृषि को आधुनिक प्राकृतिक और डिजिटल बनाने के लिए बजट में हजारों करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जिला प्रभारी अंजु देवी ने कहा कि किसानों के लिए बजट में अनेक योजनाएं घोषित की गई हैं।

# विधायक पुंडीर ने जस्सोवाला में संपर्क मार्ग निर्माण कार्य शुरू कराया



विकासनगर। जस्सोवाला के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मुराद पूरी होने की उम्मीद जगी है। यहां ग्रामीण लंबे समय से जर्जरहाल संपर्क के सुधारीकरण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर शनिवार को सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। विधायक ने कहा कि एमडीडीए की ओर से स्वीकृत संपर्क मार्ग निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण और सुधारीकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। गांवों के सांस्कृतिक–सामाजिक ताने बाने को मूल स्वरूप में रखते हुए शहरी सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में पथ प्रकाश की व्यवस्था की जा रही हैं, गांव की सड़कों को शहरों की मानिंद चमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों को भी बहुउद्देश्यीय भवनों के तौर पर विकसित किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान सुदेश सैनी, प्रवीण सैनी, सतीश पाल, सुमित सैनी, अमृत लाल सैनी, सुशील, भरत लाल आदि मौजूद रहे।

# पछुवादून में भाजपा का बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित




विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पछुवादून की विकासनगर और सहसपुर विधान सभा में बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने आम बजट को देश के विकास में मील का पत्थर करार दिया। राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि यह आम बजट देश के हर घर में खुशहाली लाएगा और देश में तरक्की होगी। विकासनगर विधान सभा के जीवनगढ़ स्थित एक होटल में भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि आम बजट देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। गरीबी उन्मूलन के साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान रखे गए हैं, जबकि देश के विकास के लिए अवस्थापना विकास निधि को बढ़ाया गया है, जिससे लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार भी मुहैया होगा।

भारत अन्न का सबसे बड़ा निर्यातक राष्ट्र बनेगाः अन्न का सबसे बड़ा निर्यातक राष्ट्र बनने के लिए कृषि क्षेत्र में भी कई क्रांतिकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे किसानों को भी उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा। विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बजट को बढ़ाया गया है, जिससे हर परिवार को आशियाना मिल सके। उन्होंने कहा कि बजट में रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात को महत्व देने के साथ ही आम आदमी का ध्यान भी रखा गया है। नौकरीपेशा लोगों को भी टैक्स में छूट देकर करीब आठ साल बाद टैक्स स्लैब में बदलाव किया। उन्होंने कहा कि बजट देश के हर वर्ग की जनता का बजट है।

आम बजट से हर वर्ग को लाभः दूसरी ओर, सहसपुर विधान सभा में बजट पर चर्चा के लिए भाजपा किसान मोर्चा ने किसान चौपाल आयोजित की। विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि आम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं समेत हर वर्ग की आशाओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जो राष्ट्र के समग्र उत्थान की दिशा में कारगर साबित होगा। कहा कि कृषि मंत्रालय का इस बार बजट 1.25 लाख करोड़ रुपए का है। देश के छोटे और मझौले किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई है। बजट में कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही मोटा अनाज को बढ़ावा देने से छोटी जोत के ग्रामीण किसानों के घरों में भी खुशहाली आएगी। इस दौरान ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र धीमान, किसान मोर्चा अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पुंडीर, मातवर सिंह बिष्ट, नवीन रावत, विनोद कश्यप, विपुल मूसला, खजान नेगी, ऋषभ अग्रवाल, खजान नेगी, सुखदेव फर्सवाण, खेमलता नेगी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

## दुकान में घुसकर मारपीट व तोडफोड के मामले में केस दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हरबर्टपुर क्षेत्र में एक व्यापारी की दुकान में घुसकर सात नामजद सहित करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों ने मारपीट की है। व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट, बल्वा, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। व्यापारी अफजल पुत्र मो. सईद निवासी वंशीपुर एटनबाग ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात फरवरी को एक ही परिवार के सात लोगों ने एक दर्जन अज्ञात लोगों के साथ उसकी दुकान में घुसकर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की है, जिसमें उसे गंभीर चोटें आयी हैं। तहरीर में आरोप लगाया कि श्यामचंद पुत्र बेनीराम, नितिन वर्मा पुत्र राधेश्याम, सृष्टी पुत्री राधेश्याम, सोनू व बनारसी लाल सभी निवासी एटनबाग हरबर्टपुर व बारह अन्य लोग उनकी दुकान में घुसे।

# कालसी क्षेत्र के ग्रामीण के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर स्कूटर व बाइक फाइनेंस कराई

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हरबर्टपुर में एक शोरूम के संचालक को विकासनगर निवासी एक व्यक्ति ने कालसी क्षेत्र के एक ग्रामीण के दस्तावेजों पर अपने फोटो लगाकर इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक फाइनेंस कराई। जब कालसी क्षेत्र के ग्रामीण को फाइनेंस कंपनी ने किस्त जमा करने के नोटिस भेजे तब पता चला कि उसके नाम से स्कूटर और बाइक फाइनेंस कराई गयी है। पीड़ति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनोज रावत पुत्र नारायण सिंह निवासी कांडोई पोस्ट क्यारी तहसील कालसी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी आशू त्यागी पुत्र सुदेव त्यागी निवासी शिव मंदिर के पास सरस्वती कॉलोनी डाकपत्थर ने उसके दस्तावेज जिसमें पैनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक की पास बुक सहित कई अन्य दस्तावेज धोखाधड़ी से अर्जित किये। जिन पर आरोपी ने अपने फोटो लगाकर हरबर्टपुर स्थित एक एजेंसी के स्कूटर बाइक के शोरूम से इलेक्ट्रिक स्कूटी और बाइक फाइनेंस करवाई। दो तीन माह बाद जब फाइनेंस कंपनी की किश्त जमा नहीं हुई तब उसे फाइनेंस कंपनी का नोटिस मिला। जिस पर उसने जानकारी ली तब पता चला कि उसके दस्तावेजों पर आशू त्यागी नाम के व्यक्ति ने धोखेबाजी कर अपनी फोटो लगाकर स्कूटर और बाइक फाइनेंस कराये हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 164 लंबित वादों में 158 का मौके पर निस्तारण

ऋषिकेश। एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी और दीवानी वादों से जुड़े 164 मामले आए। सीनियर सिविल जज भवदीप रावते की बैंच में सुनवाई के बाद 158 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। ज्यादातर मामले पारिवारिक और चेक विवाद से संबंधित रहे।शनिवार को ऋषिकेश कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बकाया ऋण धनराशि, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद आदि वाद आए। इनका दोनों पक्षों में समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले पारिवारिक न्यायालय, अपर जिला जज प्रथम, द्वितीय, सिविल जज सीनियर डिवीजन, सिविल जज जूनियर डिवीजन, अपर सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आए। इनकी सुनवाई सीनियर सिविल जल भवदीप रावते की बैंच में की गई। बताया कि चेक बाउंस के 55, मोटर एक्सीडेंट क्लेम के चार, पारिवारिक विवाद के 12, लंबित आपराधिक वाद 72 समेत अन्य 19 मामले आए। इनमें से 158 का मौके पर निपटारा कराया गया। मौके पर पीएनबी बैंक प्रबंधक अंजलि नेगी, पल्लवी प्रसाद, एनएस नेगी, प्राविधिक कार्यकर्ता अमिता चौहान, कंचन बंसल आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय संत समिति की ऋषिकेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

ऋषिकेश। अखिल भारतीय संत समिति की ऋषिकेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति में महंत रवि प्रपन्नाचार्य को प्रचार मंत्री और महंत लोकेश दास को संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। शनिवार को स्वर्गाश्रम क्षेत्र में संत समिति के केंद्रीय सचिव महामंडलेश्वर ईश्वरदास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के ऋषिकेश कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से ऋषिकेश की कार्यकारिणी में स्वामी श्याम स्वरूपानंद, स्वामी अभिषेक चैतन्य को उपाध्यक्ष, स्वामी रामचैतन्य उपसचिव एवं महंत सुखबीर सिंह को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया।

## साइबर ठगों ने उड़ाये चिकित्सक के खाते से 3 लाख रुपये

विकासनगर। राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान केंद्र शंकरपुर रामपुर के मनो चिकित्सक के घर की बिजली का बिल जमा कराने के नाम पर साइबर ठगों ने चिकित्सक के खाते से तीन लाख रुपये उड़ा लिये।

मनोचिकित्सक की तहरीर पर सहसपुर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थाना सहसपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्वारना नदी के समीप राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान केंद्र शंकरपुर के मनोचिकित्सक डॉ. रविंद्र कुमार नवानी के मोबाइल फोन पर साइबर ठग ने अपने आप को यूपीसीएल का अधिकारी बताकर पहले मैसेज डाला और फिर फोन कर सूचना दी।

# पुण्यतिथि पर की पं0 दीनदयाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया



विकासनगर। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। टाउन हॉल परिसर में लगी प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिला महामंत्री अमित डबराल ने कहा कि पं. दीन दयाल ने एकात्म मानववाद के दर्शन पर श्रेष्ठ विचार व्यक्त किये हैं। एकात्म मानववाद के विचार आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि उनके काल में थे।

एकात्म मानववाद पर उनका कहना था कि हमारे यहां समाज को स्वयंभू माना गया है। राज्य एक संस्था के नाते है। राज्य के समान और संस्थायें भी समय– समय पर पैदा होती हैं।

प्रत्येक व्यक्ति इनमें से प्रत्येक संस्था का अंग रहता है। वास्तविकता यह है कि व्यक्ति नाम की जो वस्तु है, वह एकांगी नहीं बल्कि बहुअंगी है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अनेक अंगों वाला होकर भी परस्पर सहयोग, समन्वय को पूरकता और एकात्मकता के साथ चल सकता है। हर व्यक्ति को कुछ गुण मिला हुआ है। मंडल अध्यक्ष विपुल मूसला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित उपाध्याय के सिद्धांतों का पालन करना प्रत्येक कार्यकर्ता का नैतिक दायित्व है।

# दिव्यांग बच्चों हेतु वातावरण निर्माण शिविर आयोजित हुआ

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वातावरण निर्माण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 50 दिव्यांग नौनिहालों और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विकासनगर संकुल प्रभारी हरजिंदर सिंह और हरबर्टपुर संकुल प्रभारी विकास रोहिला ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग नौनिहालों को दया नहीं उनका अधिकार दिया जाना चाहिए। अधिकार मिलने से ही दिव्यांग जन आत्मनिर्भर बन सकते हैं। विशेष शिक्षक रीता सैनी ने अभिभावकों की काउंसलिंग के दौरान बताया कि दिव्यांग बच्चों को दैनिक कार्य खुद करने के लिए प्रेरित किया जाना जरूरी है। उन्हें दूसरों पर निर्भर बनाने के बजाय अपनी दिनचर्या के लिए आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बताया कि आत्मविश्वास बढ़ने से वे खुद को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को दिनचर्या से संबंधित गतिविधियों का अभ्यास कराया। शिविर में दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला, पोस्टर, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के साथ ही खेलकूद की गतिविधियों में भाग लिया। शिविर के समापन पर प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी अवनींद्र बड़थ्वाल ने सभी नौनिहालों को पुरस्कृत किया।

# निर्वाण दिवस पर दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्वाण दिवस पर जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पंडित दीनदयाल के कार्यो को याद किया गया। शनिवार को रेलवे मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि पंडित दीनदयाल भारतीय जन संघ के अध्यक्ष रहे और समाज सेवा में भी उनकी सक्रिय भागेदारी रहती थी। उन्होंने अखंड और सशक्त भारत का सपना देखा। उनके देश प्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावनाओं से प्रभावित होकर ही भाजपा ने उनके विचारों को ग्रहण किया।

# प्रदेश में पुलिस थानों का उच्चीकरण करने से अपराधों पर लगेगा अंकुशः मोर्चा

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा ने कहा कि 26 थानों को उच्चीकृत करने के लिए गृह विभाग ने 15 नवंबर और 20 दिसंबर 2022 को पुलिस मुख्यालय से रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन अब तक पुलिस मुख्यालय ने शासन को रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई है।

उन्होंने कहा कि ऐसे हालत में थानों का उच्चीकरण कैसे होगा। मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मोर्चा द्वारा सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री से प्रदेश में थाना उच्चीकरण की मांग की थी। तब पूर्ववर्ती आदेश के क्रम में शासन ने पुलिस मुख्यालय को निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस मुख्यालय ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। नेगी ने कहा कि प्रदेश के 160 थानों में से 1ङ्क6 थाने उप निरीक्षक स्तरीय हैं, जबकि 54 थाने वर्तमान में निरीक्षक स्तरीय हैं। उन्होंने कहा कि जिला देहरादून और उधमसिंह नगर के पांच पांच, हरिद्वार में छह, चमोली, नैनीताल और जीआरपी में दो–दो, चंपावत, पौड़ी और टिहरी में एक–एक थाने का उच्चीकरण होने से पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कोतवाली बनने से अपराधों पर अंकुश लगने के साथ–साथ अवैध कारोबारियों पर भी लगाम लगेगी।

## वर्ष 2022 में फ्रांस की गैस खपत 9.3 प्रतिशत कम : जीआरटीगैज

**पेरिस, एजेंसी** । देश के गैस ट्रांसमिशन सिस्टम अपरेटर जीआरटीगैज ने कहा कि 2022 में फ्रांस में प्रातिक गैस की खपत 2021 की तुलना में 93 प्रतिशत कम हुई है। पिछले साल, देश ने 2021 में 474 टीडब्ल्ययूएच की तुलना में 430 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) प्रातिक गैस की खपत की।

जीआरटीगैज ने कहा कि आम जनता और उद्योग दोनों द्वारा गैस की खपत 2021 के स्तर से क्रमशरू 16.6 प्रतिशत और 115 प्रतिशत कम थी।

हालांकि फ्रांस में कई परमाणु रिएक्टरों को रखरखाव के लिए बंद कर दिया गया था, बिजली उत्पन्न करने के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की मात्रा में 54.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कंपनी ने कहा कि रूसी गैस की कमी की भरपाई के लिए, एलएनजी टर्मिनलों के माध्यम से आयातित तरलीत प्रातिक गैस (एलएनजी) की मात्रा 102 प्रतिशत बढ़कर 370 टीडब्ल्यूएच हो गई, जबकि पाइपलाइन के माध्यम से आयात 278 टीडब्ल्यूएच तक गिर गया।

इस बीच, जीआरटीगैज ने नोट किया कि 2021 में 42 टीडब्ल्यूएच की तुलना में 2022 में फ्रांस से स्विट्जरलैंड, इटली, बेल्जियम और जर्मनी में 158 टीडब्ल्यूएच गैस स्थानांतरित की गई थी।

## क्यूबा के साथ चिकित्सा सहयोग को और बढ़ाएगा मैक्सिको

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी** । मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा है कि इस बात की काफी संभावना है कि उनका प्रशासन क्यूबा के साथ एक चिकित्सा सहयोग समझौते का विस्तार करेगा। इस समझौते के तहत द्वीप राष्ट्र से अधिक विशेषज्ञों को प्राप्त करने पर जोर दिया जाएगा। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में, राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा कि क्यूबा के पास दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली है।

लोपेज ओब्रेडोर ने पश्चिमी राज्य जलिस्को के पत्रकारों से कहा, अधिक (क्यूबा) डक्टरों के आने की संभावना है।

राष्ट्रपति ने कहा, मेक्सिको में पहले से ही 500 से अधिक क्यूबा के सामान्य चिकित्सक और विशेषज्ञ हैं, लेकिन अभी भी बाल रोग विशेषज्ञों की कमी है।

लोपेज ओब्रेडोर शनिवार को क्यूबा के अपने समकक्ष, मिगुएल डियाज-कैनेल के साथ मुलाकात के दौरान अपने स्वास्थ्य समझौते को मजबूत करने की संभावना बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

सरकार के मुख्य बुनियादी ढांचे के कार्यों में से एक, मय ट्रेन का निरीक्षण करने के लिए दोनों मैक्सिकन राज्य केंपेचे में मिलने वाले हैं।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ को खुश करने के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद ,एजेंसी** । आईएमएफ को खुश करने के लिए पाकिस्तान कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) ने औसत बिजली शुल्क में प्रति यूनिट 339 पीकेआर के स्पेशल फाइनेंसिंग सरचार्ज लगाने को मंजूरी दी है। इसमें एक वर्ष के लिए 321 पीकेआर प्रति यूनिट तक के त्रैमासिक टैरिफ समायोजन के अलावा लगभग तीन महीने के लिए 4 पीकेआर प्रति यूनिट तक के लंबित ईंधन लागत समायोजन की वसूली शामिल है। फाइनेंसिंग सरचार्ज औसत आधार राष्ट्रीय टैरिफ का एक नियमित हिस्सा रहेगा, दो अन्य टैरिफ समायोजन कभी-कभी एक साथ ओवरलैप होंगे और अन्य समय में उतार-चढ़ाव होते रहेंगे।

# पटना साहिब में फोटो खिंचवाने को लेकर भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

## गाली-गलौज के साथ जमकर लात-घूंसे भी चले



**पटना , एजेंसी**। मंदार से आरंभ हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हाजीपुर से चल कर पटना पहुंची। कुम्हरार स्थित धनुकी मोड़ के समीप कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में तिरंगा, बैंड बाजा और फूलों से यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यह यात्रा पटना साहिब पहुंची। हालांकि, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में एक तरफ जहां कांग्रेसी नेता मत्था टेक गुरुघर का आशीर्वाद ले रहे थे, तो दूसरी तरफ उनके कार्यकर्ता एक-दूसरे पर लात-घूंसे चला रहे थे। फोटो खिंचवाने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ता पप्पू त्रिवेदी व शम्मी कपूर के बीच गुरुद्वारा में मारपीट के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया।

बताया गया कि वरिष्ठ नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने के विवाद को लेकर दोनों कार्यकर्ताओं के बीच पहले बहसबाजी शुरू हुई। देखते-ही-देखते दोनों के बीच मारपीट होने लगी। जमकर गाली-गलौज और लात-घूंसे भी चले। इस दौरान गुरुद्वारे में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह समेत अन्य नेताओं एवं सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों पर काबू पाया।

इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए बिहार भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने लिखा कि ये जूतम-पैजार का दृश्य किसी सड़कछाप लुच्चों-टपोरियों का नहीं, ये हैं कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के वीर सिपाही। पटना में हरिमंदिर साहिबजी परिसर में एक-दूसरे को लात-घूंसा लगा गाली-गलौज कर रहे हैं। राहुल गांधी को श्भारत जोड़ो यात्राश की जगह श्कांग्रेस जोड़ो यात्राश करनी चाहिए।

ये हैं कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के वीर सिपाही। पटना में हरिमंदिर साहिबजी परिसर में एक-दूसरे को लात-घूँसा लगा गाली-गलौज कर रहे हैं।

पटना साहिब गुरुद्वारा के बाद कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पादरी की हवेली चर्च, बड़ी पटनदेवी शक्तिपीठ और दरगाह रोड स्थित मजार गई, जहां सभी ने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया। आलमगंज में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शकीलुज्जमा, इंतेखाब आलम, सुलतानगंज में वसी अख्तर, दरगाह रोड में दौलत इमाम ने यात्रा का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब भाजपा के गठबंधन से निकल गए, तब भाजपा के लिए बिहार में अब कोई जगह नहीं है। 2024 में बिहार की जनता एक भी सीट भाजपा को नहीं देगी। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे से महागठबंधन को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कोई भी, कहीं भी आने-जाने के लिए स्वतंत्र है। आएं लेकिन तनाव न फैलाएं। सांप्रदायिक एजेंडे पर बात नहीं करें। बिहार सांप्रदायिक सौहार्द की धरती रही है। इसमें कोई त्रुटि नहीं करे।

# तुर्की व सीरिया भूकंप में मरने वालों की संख्या 23,800 के पार

**अंकारा, एजेंसी।** 6 फरवरी को तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के बाद लगातार छठे दिन शनिवार को भी बचाव कार्य जारी है। भूकंप में मरने वालों की संख्या अब तक 23,831 तक पहुंच गई है। तुर्की के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने अपने ताजा अपडेट में कहा कि देश में मरने वालों की संख्या 20,318 है। वहीं 80,052 लोग घायल हुए हैं।

कहारनमारस प्रांत में केंद्रित 7.7 और 7.6 तीव्रता के भूकंपों ने अदाना, अदियामन, दियारबाकिर, गाजियांटेप, हटे, किलिस, मालट्या, उस्मानिया और सनलिउर्फा प्रांतों में 13 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित किया। सीरिया में मारे गए लोगों की संख्या 3,513 है। स्वयंसेवी संगठन सीरिया सिविल डिदें स के अनुसार, जिसे व्हाइट हेल्मेट्स के रूप में भी जाना जाता है, देश के उत्तर-पश्चिम में विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में 2,166 मौतें दर्ज की गईं।

इस बीच, सीरियाई राज्य मीडिया ने कहा है कि युद्धग्रस्त राष्ट्र के सरकार-नियंत्रित हिस्सों में 1,347 लोगों के मारे जाने की सूचना है। उत्तरी और उत्तर पश्चिमी सीरिया में भूकंप प्रभावित विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में तत्काल आपूर्ति की डिलीवरी विपक्षी समूहों और सीरियाई सरकार के बीच लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध से जटिल हो गई है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने भूकंप प्रभावित आदियामन प्रांत में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, दुर्भाग्य से बहुत सारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# ब्रिटेन में छात्रों का शोषण करने के आरोप में पांच भारतीयों के खिलाफ कोर्ट का आदेश

**लंदन, एजेंसी** । श्रम शोषण के लिए ब्रिटेन सरकार की एक जांच एजेंसी ने कहा है कि वह 50 से अधिक भारतीय छात्रों के श्रम शोषण के संदेह में केरल के पांच लोगों के खिलाफ अदालती आदेश हासिल करने में सफल रही है। गैंगमास्टर्स एंड लेबर एब्यूज अथरिटी (जीएलएए) के जांचकर्ताओं को पिछले हफ्ते मोल्ड मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रतिवादियों के खिलाफ अनिश्चित काल के लिए दासता और तस्करी जोखिम आदेश (एसटीआरओ) दिया गया था।

जीएलएए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इसकी जांच में नर्थ वेल्स के केयर होम में काम करते हुए पिछले 14 महीनों में 50 से अधिक भारतीय छात्रों को श्रम दुर्व्यवहार के संभावित शिकार के रूप में पहचाना गया है। एजीएलएए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि, 25 से 47 वर्ष के बीच के पांच लोगों की पहचान एबरगेले के मैथ्यू इस्साक और जिनू चेरियन, पल्हेली के एल्डहोज चेरियन, एल्डहोज कुरियाचन और जैकब लिजू के रूप में की गई है।



उन्हें जीएलएए द्वारा दिसंबर 2021 और मई 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था। जांच चल रही है लेकिन इस स्तर पर कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया गया है।

रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को भारतीय छात्रों से मदद और परामर्श के लिए पहुंचने की अपील की।

भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, हम इस समाचार को पढने के लिए चिंतित थे। जिन भारतीय छात्रों ने इसका सामना किया है, पया हमसे एमईए डट जीओवी डट इन पर संपर्क करें और हम उन्हें सहायताध्परामर्श प्रदान करेंगे।

जीएलएए ने कहा कि इस्साक और उनकी पत्नी जिनू चेरियन ने मई 2021 में पंजीत एक भर्ती एजेंसी एलेक्सा केयर सल्यूशंस के माध्यम से भी श्रमिकों की आपूर्ति की।

तीन महीने बाद मडर्न स्लेवरी एंड एक्सप्लइटेशन हेल्पलाइन की रिपोर्ट में दावा किया गया कि एलेक्सा केयर द्वारा नियोजित भारतीय श्रमिकों को सही तरीके से भुगतान नहीं किया जा रहा था या उनका वेतन रोक दिया गया था। एजेंसी ने खुलासा किया कि श्रमिकों की उपस्थिति के बारे में एक ही समय में महत्वपूर्ण चिंताएं उठाई गईं।

आदेश का उल्लंघन करना एक आपराधिक अपराध है जिसमें अधिकतम पांच साल की जेल की सजा हो सकती है।

जीएलएए के वरिष्ठ जांच अधिकारी मार्टिन प्लिमर ने कहा, हम सभी जानते हैं कि स्टाफ का स्तर कुछ समय के लिए देखभाल क्षेत्र में एक चिंता का विषय रहा है।

## बिहार की गिरती विधि व्यवस्था 90 के दशक की दिला रहा है याद : रुडी

**छपरा, एजेंसी** । बर्बरतापूर्ण सामुहिक नरसहार वाले मांझी प्रखंड के मुबारकपुर काण्ड पर केंद्र सरकार गंभीर है। गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को समीक्षा बैठक करेंगे। सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी और महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर केंद्रीय टीम को छपरा भेजने की मांग की है। संसद के बाहर दोनों सांसदों ने पत्रकारों को इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की नजर में यह छोटी ग्रामीण घटना है लेकिन वास्तव में यह बड़ी ही गंभीर सामाजिक आपदा है जो पूरे राज्य को अपने आगोश में ले लेगा। महाराजगंज सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि जिस प्रकार मांझी में बर्बरतापूर्ण घटना हुई उसे जंगलराज रिटर्न नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी इस घटना को अपने संज्ञान में लिया है। बिहार के अंदर घटते विधि व्यवस्था पर भी चिंतित है। राज्य में थाने के सामने घटनाएं घट रही है।

# कीमतें कम करने के लिए केंद्र 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री करेगा

**नई दिल्ली एजेंसी।** गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए, सरकार ने ओपन मार्केट डिस्पोजल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं को बेचने और राज्य सरकारों, केंद्रीय भंडार, नेशनल कंज्यूमर कोअपरेटिव फेडरेशन (एनसीसीएफ), नेशनल एग्रीकल्चरल कोअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन अफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड), राज्य सहकारी समितियोंध्संघों आदि को बिक्री करने का फैसला किया है, ताकि गेहूं और आटा की कीमतों में कमी आ सके। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और बढ़ती खाद्य कीमतों को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कदम उठाती है।

इन कदमों में कीमतों को कम करने के लिए बफर से



रिलीज, स्टक सीमा को लागू करना, जमाखोरी को रोकने के लिए संस्थाओं द्वारा घोषित स्टक की निगरानी और आयात शुल्क के युक्तिकरण, आयात कोटा में बदलाव, वस्तु के निर्यात पर प्रतिबंध आदि जैसे व्यापार नीति के साधनों में अपेक्षित बदलाव शामिल हैं। देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और खाद्यान्न की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने भारतीय ड्यूरम गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित करने के लिए 13 मई, 2022 को गेहूं की निर्यात नीति को मुक्त से निषिद्ध श्रेणी में संशोधित किया और 12 जुलाई, 2022 से आटा (गेहूं) का निर्यात गेहूं के निर्यात पर अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की सिफारिश के अधीन है।

दालों की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को संतुलित करने के लिए तूर और उड़द के आयात को 31-03-2024 तक श्मुक्त श्रेणी में रखा गया है और मसूर पर आयात शुल्क को घटाकर 31-03-2024 तक शून्य कर दिया गया है। तूर के संबंध में जमाखोरी और प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत तुअर के स्टकहोल्डर्स द्वारा स्टक प्रकटीकरण को लागू करने और स्टक की निगरानी और सत्यापन करने के लिए एक निर्देश जारी किया है।मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) बफर से चना और मूंग के स्टक कीमतों को कम करने के लिए लगातार बाजार में जारी किए जाते हैं और कल्याणकारी योजनाओं के लिए राज्यों को भी आपूर्ति की जाती है।

## तेज रफ्तार कार पलटी, महिला की मौत, पांच घायल

**नोएडा एजेंसी,** । नोएडा में बीती देर रात हुए एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। इस घटना में कार सवार पांच अन्य लोग जो घायल हो गए। नोएडा के एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नोएडा सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूमिका जादौन नाम की एक महिला की कार के डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में पांच अन्य घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल भेजा गया है। शव का पोस्टमर्टम किया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर रात थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के अंतर्गत गिझोड रेड लाइट के उपर एलिवेटेड रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

# दिल्ली की अदालत ने एक्यूआईएस के चार सदस्यों को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली , एजेंसी** । दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के चार सदस्यों को आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया। अदालत ने मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अब्दुल रहमान, जफर मसूद और अब्दुल सामी को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। इस बीच, दो संदिग्ध सैयद मोहम्मद जीशान अली और सबील अहमद को बरी कर दिया गया।

14 दिसंबर 2015 को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के संभल के रहने वाले आसिफ को गिरफ्तार किया, जो एक्यूआईएस का इंडिया हेड था।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसके खुलासे के आधार पर, जफर मसूद को 15 दिसंबर, 2015 को संभल से और मोहम्मद अब्दुल रहमान को 16 दिसंबर, 2015 को ओडिशा के कटक से गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस के अनुसार, रहमान ने अवैध रूप से पाकिस्तान का दौरा किया था और वहां जकी-उर-रहमान लखवी और साजिद मीर सहित शीर्ष आतंकवादियों से मुलाकात की थी, दोनों 26ध्11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में वांछित थे।

पुलिस ने कहा, जमशेदपुर (झारखंड) के रहने वाले अब्दुल सामी को 17 जनवरी, 2016 को मेवात से पकड़ा गया था। वह पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादी था।

जांच के दौरान सैयद मो. जीशान अली और सबील अहमद के नाम भी संयुक्त अरब अमीरात में एक्यूआईएस के कैडरों को वित्तीय और रसद सहायता प्रदान करने की साजिश के तहत सामने आए। अधिकारी ने कहा- अली को वर्ष 2017 में संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित किया गया था और इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि सबील अहमद को वर्ष 2020 में निर्वासित किया गया था। सबील को शुरू में दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से एनआईए द्वारा बेंगलुरु (कर्नाटक) में एक आतंकी मामले में गिरफ्तार किया गया था और बाद में, उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया।

# एयरो इंडिया के माध्यम से नौसेना उड्डयन और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनने की राह पर

**नई दिल्ली एजेंसी** । एयरो इंडिया 2023 का द्विवार्षिक कार्यक्रम, 13-17 फरवरी 23 से बेंगलुरु के वायु सेना स्टेशन येलहंका में आयोजित होने वाला है। कार्यक्रम में अपने नवीनतम उपकरण हेलीकप्टर और विमान को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच तैयार किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रक्षा कर्मियों को ओईएम प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने और सशस्त्र बलों में भविष्य में शामिल होने के लिए परिकल्पित उत्पादों पर प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करता है।आत्मनिर्भरताश को प्राप्त करने के लिए राष्ट्र के लक्ष्य के अनुसरण में, भारतीय नौसेना ने हाल ही में स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत पर एलसीए (नौसेना), स्वदेशी प्रौद्योगिकी प्रदर्शक लड़ाकू (ट्विन इंजन डेक आधारित लड़ाकू के लिए नेतृत्व) को उतारा है। विमान को एक भारतीय नौसैनिक परीक्षण पायलट द्वारा उड़ाया गया था। यह आला क्षमता भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भर भारत की दीर्घकालिक दृष्टि का परिणाम है।एयरो इंडिया 2023 के दौरान भारतीय नौसेना कई गतिविधियों में भाग ले रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी विमान, एएलएच एमके द्वद्वद्व और एमआर विमान पी8आई क्रमशरू फ्लाई पास्ट और स्थैतिक प्रदर्शन में भाग लेंगे। आत्मनिर्भरता पर जोर को ध्यान में रखते हुए, मिग 29य विमान के इंजनों की मरम्मत करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज के रूप में उपयोग के लिए एचएएल द्वारा संकलित एक अनुकूलित ग्राफिक फोटो-निबंध, सीएमडी एचएएल द्वारा नौसेनाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए मिग 29के विमान के स्वास्थ्य उपयोग और निगरानी प्रणाली (एचयूएमएस) के विश्लेषण की एक परियोजना को डीआरडीओ द्वारा श्लन्च अफ न्यू टेक्नेलजीश के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। यह डेटा विश्लेषण के समय को काफी कम कर देगा जिसके परिणामस्वरूप विमान का तेजी से टर्नअराउंड और निवारक रखरखाव के लिए बेहतर भविष्यवाणी होगी। डीडीपी के सहयोग से भारतीय नौसेना द्वारा श्एयरो आर्मामेंट सस्टेनेंस में आत्मनिर्भरताश विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। संगोष्ठी एमओडी, यूजर, मेंटेनर, क्यूए एजेंसियों, डीआरडीओ, डीपीएसयू और भारतीय उद्योग के प्रमुख हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगी, जो सशस्त्र बलों के साथ आयोजित मिसाइलों के भरण-पोषण के लिए सरकार की पहल और आगे की राह पर विस्तृत चर्चा में शामिल होंगे। ताकतों।शिक्षा जगत और उद्योग के साथ लगातार जुड़ाव आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए आईएन के प्रयासों का फोकस क्षेत्र रहा है।

# अनुराग ठाकुर व उप-राज्यपाल ने की गुलमार्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे संस्करण की शुरुआत

**जम्मू एजेंसी,** । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री के साथ जम्मू एवं कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, अन्य गणमान्य लोग और युवा एथलीटों, प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों के दल शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एथलीटों को प्रेरित करने के लिए एक विशेष संदेश भी भेजा गया। माननीय प्रधानमंत्री ने इस खेल में भाग लेने वाले एथलीटों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं भेजीं।

उद्घाटन समारोह कई मायनों में रोमांचक रहा। शांति का संदेश देते हुए सफेद कबूतरों को हवा में छोड़ा गया, पारंपरिक नृत्य के साथ-साथ थिरकने को प्रेरित करने वाली लोकप्रिय शैली का प्रदर्शन किया गया और खेल की दृष्टि से घाटी में 40 खेलो इंडिया केन्द्रों का ई-लन्च भी उल्लेखनीय रहा।

ठाकुर ने कहा कि उद्घाटन समारोह में सब कुछ था, लेकिन उपस्थित लोगों ने सबसे अधिक तालियां उस समय बजायीं जब हमने पूरे जम्मू एवं कश्मीर में 40 खेलो इंडिया केन्द्रों के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के श्खेलोगे, तो खिलोगे के संदेश को जम्मू एवं कश्मीर द्वारा सबसे बेहतर तरीके से जारी रखा गया है और पिछले तीन वर्षों में इस क्षेत्र ने जो योगदान दिया है, वह सराहनीय है।

जम्मू एवं कश्मीर के खेल के इकोसिस्टम के निर्माण के लिए इस तरह की और पहल करने का वादा करते हुए, श्री ठाकुर ने कहा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय जम्मू एवं कश्मीर की आर्थिक रूप से सहायता करता रहेगा, सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक आदि प्रदान करेगा। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जल्द ही यहां शीतकालीन खेलों के लिए एक उत्ष्टता केन्द्र खोला जाएगा।

शीतकालीन खेल 14 फरवरी तक गुलमर्ग में होंगे और इसमें 29 राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों के 1500 से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कुल 11 खेल स्पर्धाएं होंगी।मनोज सिन्हा ने कहा, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे संस्करण के लिए पूरा देश एकजुट है। जब ये खेल होते हैं, तो इससे पूरे देश को घाटी के आतिथ्य, खेल और अद्भुत स्थलों का आनंद लेने का मौका मिलता है। मैं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, जम्मू एवं कश्मीर खेल परिषद तथा अन्य सभी हितधारकों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमें इन खेलों को एक फिर से गुलमर्ग में आयोजित करने का मौका देने में मदद की है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने शिवकुमार को 24 फरवरी तक सीबीआई जांच से राहत दी

**बेंगलुरू एजेंसी,** । कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके. शिवकुमार को 2013-2018 की अवधि के भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच से दो सप्ताह की राहत दी। उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के अनुसार, भ्रष्टाचार के मामले में शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच पर 24 फरवरी तक रोक लगा दी गई है।यह मामला 2013 और 2018 के बीच 74.93 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में शिवकुमार के खिलाफ दर्ज एक मामले से संबंधित है, जब वह कर्नाटक में कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में कार्यरत थे।

# पुरानी पेंशन योजना : समस्या नई नहीं विवाद है पुराना

**प्रो.लल्लन प्रसाद**

वर्षो से चली आ रही पुरानी पेंशन योजना, जो 2004 में अटल बिहारी बाजपेई की सरकार द्वारा बंद कर दी गई थी और उसकी जगह नई पेंशन योजना शुरू की गई थी, सुर्खियों में है।

विपक्षी पार्टियां इसे चुनावी मुद्दा बना रही हैं। पुरानी योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन देने की व्यवस्था थी जो उनके वेतन पर आधारित है। कर्मचारी आखिरी वेतन का आधा पेंशन के रूप में लेने के हकदार होते हैं। महंगाई भत्ते में समय-समय पर वृद्धि का लाभ भी पेंशनधारियों को मिलता है। पेंशनधारी की मृत्यु पर उसके परिजन को भी पेंशन मिलती है। कर्मचारी को पेंशन के लिए सेवा की अवधि में कोई कंट्रीब्यूशन नहीं करना पड़ता। पेंशन का सारा खर्च सरकार उठाती है। पेंशन के अतिरिक्तमेडिकल भत्ता और बिलों की रिइंबर्समेंट के प्रावधान भी हैं। सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी को 20 लाख तक की ग्रेच्युटी भी मिलती है। कर्मचारियों के लिए यह सबसे भरोसेमंद और सुरक्षित योजना रही है। योजना को बंद करने के निर्णय के पीटे सरकार के राजस्व पर बढ़ता बोझ है।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) जनवरी, 2004 से शुरू की गई। इसका संचालन पेंशन निधि विनायक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। कर्मचारी की आयु 60 वर्ष पूरे हो जाने के पश्चात उसे पेंशन दी जाती है। 18 से 70 वर्ष के आयु के नागरिकों के लिए यह उपलब्ध है। योजना बाजार संचालित रिटर्न पर आधारित है। पेंशन ग्राहक अपनी बचत को गैर-निकासी योग्य खाते में जमा करता है। कम से कम रुपये 500 से यह खाता खोला जा सकता है। खाते में जमा राशि निवेश की जाती है। सब्सक्राइबर के लिए तीन विकल्प होते हैं। उच्च जोखिम उच्च रिटर्न मुख्य रूप से इक्विटी मार्केट में निवेश, मध्यम जोखिम मध्यम रिटर्न, सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा अन्य । ण प्रतिभूतियों में निवेश, एवं कम जोखिम कम रिटर्न सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश। सभी चयनित परिसंपत्ति में खाताधारक का योगदान हंड्रेड परसेंट होता है। जितना योगदान कर्मचारी करेगा उतना ही उसे लाभ मिलेगा। खाते से संचित राशि निकालने की कोई सीमा नहीं होती, नामांकन की सुविधा भी होती है। निश्चित पेंशन की गारंटी इस योजना में नहीं होती। निवेश पर आयकर की धारा 80 सीसीडी के अंतर्गत डेढ़ लाख रु पये तक का टैक्स रिबेट मिलता है।

इस योजना के अलावा अटल पेंशन योजना भी है जो मई, 2015 में शुरू की गई थी, इसमें है 1000 से लेकर 5000 रुपये महीने की गारंटीड पेंशन जो 60 साल के बाद पेंशनधारक द्वारा जमा की हुई रकम के आधार पर मिलती है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इनकम टैक्स में निवेश पर टूट भी ऊपर की योजना जैसी मिलती है। इन दोनों योजनाओं में सरकार की ओर से कोई कंट्रीब्यूशन नहीं होता। मार्च, 2022 में नई पेंशन योजना में 22.48 लाख एवं राज्यों में 55.77 लाख सब्सक्राइबर थे।

सरकारी पेंशन योजनाओं के अतिरिक्तबीमा कंपनियों द्वारा भी पेंशन योजनाएं चलाई जाती हैं। ऐसी एक वरिष्ठ बीमा योजना एलआईसी के माध्यम से प्रशासित है, जो एकमुश्त राशि के भुगतान पर पलिसी होल्डर को प्रति वर्ष 9त्न (मासिक आधार पर देय) की गारंटीत दर पर पेंशन देती है। योजना का आरंभ 14 अगस्त, 2014 को हुआ था। एलआईसी द्वारा सृजित रिटर्न के बीच अगर कोई अंतर होता है, तो भारत सरकार द्वारा योजना में सब्सिडी से इसकी भरपाई की जाती है।

# जोशीमठ : आपदा में भी सियासत का छौंक

**हमारे देश में लोकतंत्र है, और उत्तराखंड में विपक्ष आपदा के दौरान किसी इलाके में राहत न पहुंचने, सरकारी अमले के न पहुंचने या बदइंतजामी की बात उठाता है, तो सरकार को उसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस तरह राजनीति के जरिए जनता की बड़ी सेवा हो सकती है। महात्मा गांधी से लेकर तक माओ तक ने राजनीति को जनसेवा का ही रूप बताया है। मगर पिछले कुछ दशकों में श्राजनीति को गंदा और अस्पृश्य शब्द बना दिया गया है। एक पूरी पीढ़ी इस विचार से प्रभावित है जबकि राजनीति को ही समाज की दशा-दिशा तय करनी होती है। लोकतंत्र में विपक्ष की राजनीति ही सरकार पर दबाव बनाती है, और उसे फैसले लेने पर मजबूर करती है। ऐसे में राजनीति को अस्पृश्य मानना खुद को सच्चाई से काट लेना है।**



**अरविंद शेखर**

जोशीमठ की त्रासदी के बाद उत्तराखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों एक दूसरे पर आपदा को लेकर सियासत करने का इलजाम लगाने में जुटे हैं।

हैरत की बात है कि दोनों ओर से राजनीति शब्द का इस तरह इस्तेमाल हो रहा है जैसे राजनीति कोई घृणास्पद चीज हो। राजनीतिक दल संभवतरू राजनीति को महज आरोप, प्रत्यारोप या सत्ता के लिए तीन तिकड़म समझने की भूल कर रहे हैं। इसीलिए एक दूसरे को आपदा पर सियासत न करने की सलाह दे रहे हैं। सच तो यह है कि राजनीति न हो तो शायद पीडिघ्तों की आवाज ही दबा दी जाए।

राजनीति वोट लेकर सत्ता के लिए हो तो और बात है, लेकिन आपदा या संकट के समय जनता के मुद्दों को लेकर की जाए तो जनता को बहुत राहत पहुंच सकती है। उत्तराखंड में 2013 की आपदा के बाद तत्कालीन विपक्ष सरकार को न घेरता तो शायद लोगों को वैसा मुआवजा न मिल पाता, जो उन्हें मिला। नोबल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री प्रो. अमर्त्य सेन ने अपने एक अध्ययन में चीन में पड़े अकालों का उदाहरण दिया है। 1960 में उत्तर चीन की 60 फीसद षि भूमि में बारिश नहीं हुई।

1958 से 1962 तक यह इलाका मौसम की मार के कारण सूखे व बाढ़ की त्रासदी झेलता रहा। जून, 1959 में हांगकांग में 760 मिमी. यानी 30 इंच बारिश दर्ज की गई। दक्षिणी चीन में भी ऐसा ही हुआ। इन सभी कारणों से चीन में अनाज उत्पादन बुरी तरह गिर गया। अध्ययन में साबित किया गया कि यह अकाल कम उत्पादन के कारण नहीं था, बल्कि उसके अनुचित वितरण से भी पैदा हुआ था। और सूचनाओं के अभाव या गलत सूचनाओं के चलते और भी भयावह हो गया। चीन में पड़े इन भीषण अकालों पर नजर डालें तो जहां शहरी आबादी ने अपनी जरूरत का अन्न पाने का हक बरकरार रखा था। गांवों में अधिकारियों ने अपने कम्यूनों की उपलब्धि बढ़ा-चढ़ा कर दिखाने के फेर में अधिक अनाज उत्पादन बताया। नतीजतन, किसानों के पास खुद के लिए अन्न नहीं बचा। अकाल भीषण हो गए।

सेन के विचार को विस्तार दें तो साफ है कि एकदलीय तानाशाही होने से चीजों व सूचनाओं पर सरकारी नियंत्रण ज्यादा होता है। ऐसे में सरकारी महकमे भी शासक दल के कोप से बचने के लिए ऐसी रिपोर्टे पेश करते हैं, जो सरकार के मनमाफिक हों और उसके लिए परेशानी न खड़ी करें। ऐसे में आपदा या अन्य त्रासदी को अफसर कम करके आंकते हैं, सरकार के कामों को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं जबकि हकीकत कुछ और होती है। चीन में भी ही हुआ। अकाल की त्रासदी कई गुना बढ़ गई।

हमारे देश में लोकतंत्र है, और उत्तराखंड में विपक्ष आपदा के दौरान किसी इलाके में राहत न पहुंचने, सरकारी अमले के न पहुंचने या बदइंतजामी की बात उठाता है, तो सरकार को उसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस तरह राजनीति के जरिए जनता की बड़ी सेवा हो सकती है। महात्मा गांधी से लेकर तक माओ तक ने राजनीति को जनसेवा का ही रूप बताया है। मगर पिछले कुछ दशकों में श्राजनीति को गंदा और अस्पृश्य शब्द बना दिया गया है। एक पूरी पीढ़ी इस विचार से प्रभावित है जबकि राजनीति को ही समाज की दशा-दिशा तय करनी होती है। लोकतंत्र में विपक्ष की राजनीति ही सरकार पर दबाव बनाती है, और उसे फैसले लेने पर मजबूर करती है। ऐसे में राजनीति को अस्पृश्य मानना खुद को सच्चाई से काट लेना है।

इस साल उत्तराखंड में नगर निकायों के चुनाव होने हैं, और अगले वर्ष लोक सभा के। ऐसे में सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलावा सभी दलों की मजबूरी है कि जनता के दुखों को आवाज दें, पीडिघ्तों को मलहम लगाने का काम करें या चुनाव नतीजे भुगतने को तैयार रहें। वस्तुतरू राजनीति स्टेटक्राफ्ट का हिस्सा होती है। राज्य का हर कदम राजनीतिक होता है। आपदा प्रबंधन या राहत के कार्य हों या और कुछ, जनतंत्र में राजनीतिक दलों या व्यक्तियों को राज्य के कदमों और नीतियों की आलोचना का अधिकार है। हां, आलोचना का मतलब छींटाकशी या छिछले आरोप लगाना नहीं होता। राजनीतिक दल हल्के या ओटे आरोप-प्रत्यारोप को राजनीति समझते हैं, तो उनका मानसिक दिवालियापन है।

लोकतंत्र में राजनीति अनिवार्य है। माना जाता है कि उसमें हर नागरिक को दखल देना चाहिए। आम नागरिक किसी वजह से अपनी बात नहीं कह पाता तो अभिजन वर्ग यानी राजनीतिक दलों को सक्रिय होना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र में उन्हें लोकतंत्र का रखवाला यानी वचडग माना जाता है। मीडिया निष्पक्ष हो तो वह भी इसी तरह का काम करता है। आपदा राहत और पुनर्वास के कार्यों को लेकर राजनीतिक दल अगर जनता के हित में सड़क पर उतरते हैं, हो रहे कामों में आ रही दिक्कतें उजागर करते हैं, सुझाव देते हैं, आशंकाएं जताते हैं, नीतिगत खामियों को लेकर कहते-बोलते हैं, तो उसमें कुछ गलत नहीं। विपक्ष के उठाए गए मुद्दों को ध्यान में रख सरकार अपनी नीतियों में सुधार ला सकती है। व्यावहारिक दिक्कतें दूर कर सकती है। इससे अंततरू आपदा पीडिघ्त जनता को लाभ ही होगा।

# घटेगी कैदियों की भीड़

अजय दीक्षित

सर्वोच्च अदालत का ध्यान विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा पर आखिर चला ही गया । कैदी अगर गरीब और अनपढ़ हुए तो उनका पूरा जीवन नारकीय परिस्थितियों में कटता है। जमानत के पात्र होने या जमानत मिल जाने के वावजूद वे वेमियादी वक्त जेलों की सलाखों के पीटे काटने को विवश होते हैं। अब इनके दिन बदलने वाले हैं । अदालतों द्वारा जमानत दिए जाने पर भी ज्यादातर कैदियों के सलाखों के पीटे रहने का संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च अदालत ने निर्देश दिया है कि जमानत मिलने के बावजूद कैदी एक महीने के भीतर वन्ड पेश करने में विफल रहते हैं तो अदालतें लगाई गई शर्तों को संशोधित करने पर विचार करें। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि आरोपी ध्दोषी की रिहाई में देरी का एक कारण स्थानीय जमानतदार होने पर जोर देना है। ऐसे मामलों में, अदालतें स्थानीय जमानतदार की शर्त नहीं लगा सकती हैं। यदि जमानत की तारीख से एक महीने के भीतर जमानत बण्ड प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो संबंधित अदालत इस मामले का स्वतरू संज्ञान ले सकती है और विचार कर सकती है कि क्या जमानत की शर्तों में संशोधनध्छूट की आवश्यकता है। पीठ का विचार था कि ऐसे मामलों में जहां अंडरट्रायल या दोषी अनुरोध करता है कि वह रिहा होने के बाद जमानत बण्ड या जमानत दे सकता है, तो एक उपयुक्त मामले में, अदालत अभियुक्त को एक निर्दिष्ट अवधि के लिए अस्थायी जमानत देने पर विचार कर सकती है ताकि वह जमानत बण्ड या राशि प्रस्तुत कर सके। यदि आरोपी को जमानत देने की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर रिहा नहीं किया जाता है, तो यह जेल अधीक्षक का कर्तव्य होगा कि वह डीएलएसए के सचिव को सूचित करे, जो कैदी के साथ बातचीत करने और उसकी रिहाई के लिए हर तरह से संभव मदद करने के लिए एक पैरा लीगल वालंटियर या जेल विजिटिंग एडवोकेट को नियुक्त कर सकता है। जेल अधीक्षक के माध्यम से कैदी को आदेश की सफ्ट कपी भी ई-मेल करनी होगी। कैदी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए परिवीक्षा अधिकारियों या अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों की मदद लेने का भी निर्देश है जिसे जमानत या जमानत की शर्त में ढील के अनुरोध के साथ अदालत के समक्ष रखा जा सकता है। सर्वोच्च अदालत का यह उदार रुख हजारों विचाराधीन कैदियों को राहत देगा और जेलों की भीड़ घटायेगा ।

# भाजपा ने घोटाले गिनाए पर हुआ क्या?




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में 85 मिनट तक भाषण दिया और 2004 से 2014 के बीच की यूपीए सरकार के कार्यकाल को घोटालों का दशक कहा। उन्होंने एक के बाद एक घोटाले गिनाए और कहा कि वह भारत के लिए मौका था, लेकिन कांग्रेस ने उस मौके को मुसीबत में बदल दिया। उन्होंने कहा कि आईटी में मौका बना तो 2जी घोटाला हो गया। ईंधन में मौका बना तो कोयला घोटाला हो गया। कमनवेल्थ खेल हुआ तो खेल घोटाला हो गया। रक्षा में मौका बना तो हेलीकप्टर घोटाला हो गया।

उनके भाषण से एक दिन पहले रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस करके आरोप लगाया और कहा कि राहुल गांधी, उनकी मां और बहनोई जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने राहुल से यह भी पूछा कि उनके बहनोई इतने अमीर कैसे हुए। ऐसा लगता है कि रविशंकर प्रसाद इस बात से बहुत नाराज हो गए थे कि गौतम अदानी के रातों रात अमीर होने के बारे में राहुल गांधी ने कैसे सवाल किया। इसलिए वे कांग्रेस पार्टी और नेहरू-गांधी परिवार के प्रति जितनी संभव हो सकती थी उतनी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करके हमला किया। पर सवाल है कि चाहे रविशंकर प्रसाद ने बताए हों या प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाएं हों पर उन घोटालों में हुआ क्या?

केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में 2जी, कोयला और कमनवेल्थ खेल में हुए कथित घोटाले की सबसे बड़ी भूमिका है। लेकिन इन मामलों की आज क्या स्थिति है? हकीकत यह है कि कथित एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए के 2जी घोटाले के सारे आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए। यूपीए की सरकार ने उस समय तमाम आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल में डाला था। अपनी सहयोगी डीएमके के नेताओं के यहां छापे डलवाए थे और उनको गिरफ्तार किया था। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में सब टूट गए। निचली अदालत से बरी किए जाने के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दी गई है लेकिन वह औपचारिकता ही है।

इसी तरह कमनवेल्थ खेल घोटाले में उस समय के ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद सुरेश कलमाड़ी को कांग्रेस की सरकार ने गिरफ्तार किया था और खेल संस्थानों से जुड़े अनेक अन्य लोग भी पकड़े गए थे। लेकिन बाद में सब रिहा हो गए और नौ साल से काम कर रही मोदी सरकार ने कोई सुध नहीं ली है कि इसके आरोपियों को सजा दिलाई जाए। कथित कोयला घोटाला तीन लाख करोड़ रुपए का बताया जा रहा था लेकिन उस समय के कोयला सचिव एचसी गुप्ता को छोड़ दें तो पिछले नौ साल में किसी के खिलाफ कार्रवाई होने की सूचना नहीं है। हेलीकप्टर घोटाला हो या इसरो घोटाला हो या आदर्श घोटाला हो, जिन पर राजनीति करके केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है उनमें से किसी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रविशंकर प्रसाद पूछ रहे थे कि राहुल के बहनोई रबर्ट वाड्रा कैसे अमीर हुए? पिछले 19 साल से यह सवाल पूछा जा रहा है और नौ साल से भाजपा की सरकार है, जिसमें कई साल रविशंकर प्रसाद भी मंत्री रहे तो सरकार ने यह पता लगाने के लिए जांच क्यों नहीं कराई कि वाड्रा कैसे अमीर हुए? अगर कांग्रेस अदानी की अमीरी का राज पूछ रही है तो जेपीसी जांच की मांग कर रही है, भाजपा चाहे तो वाड्रा की जांच के लिए जेपीसी बना सकती है।

# ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाते हैं ये 5 खाद्य पदार्थ, जानिए इनसे होने वाले फायदे



हमारे शरीर का हर अंग अच्टे से काम कर सके, इसके लिए शरीर में उचित ब्लड सर्कुलेशन होना जरूरी है। यह न केवल दिल को स्वस्थ और दिमाग को तेज रखता है, बल्कि त्वचा को निखारने में भी मदद करता है। इसके विपरीत शरीर में ब्लड फ्लो कम होने से पाचन संबंधी समस्याएं, मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। आइए आज ऐसे पांच खाद्य पदार्थ जानते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**लाल मिर्च** लाल मिर्च में मौजूद कैप्साइसिन नामक फाइटोकेमिकल इसे स्वाद में तीखा बनाता है। कैप्साइसिन आपके ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करता है और नाइट्रिक अक्साइड और अन्य वेसोडिलेटर्स की मात्रा को बढ़ाता है, जो रक्त वाहिकाओं को फैलाने में मदद करते हैं। इससे टिश्यूज में खून का प्रवाह बढ़ता है। एक शोध के अनुसार, आहार में लाल मिर्च को शामिल करने से रक्त वाहिकाओं की ताकत में सुधार होता है और धमनियों में प्लाक कम होता है।

**लहसुन** लहसुन का सेवन दिल के स्वास्थ्य के लिए बढिया होता है। यह आपकी रक्त वाहिकाओं को आराम देने और ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद कर सकता है। अध्ययनों के अनुसार, लहसुन में मौजूद एलिसिन नामक सल्फर यौगिक ब्लड प्रेशर को कम करके और ब्लड फ्लो को बढ़ाकर आपकी रक्त वाहिकाओं को आराम पहुंचाने में मदद करता है। इस वजह से अपने रोज के खाने में लहसुन को जरूर शामिल करें।

**अनार** अनार नाइट्रेट्स और एंटी-अक्सीडेंट जैसे शक्तिशाली वेसोडिलेटर्स से भरपूर एक रसीला और मीठा फल है। इसके सेवन से ब्लड सर्कुलेशन और मांसपेशियों के टिश्यूज के अक्सीकरण में सुधार करने में मदद मिलती है। अनार आपकी रक्त वाहिकाओं को फैलाकर आपके ब्लड प्रेशर को कम करने में भी मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार, 19 सक्रिय लोग जिन्होंने एक्सरसाइज से 30 मिनट पहले 1,000 मिलीग्राम अनार का सेवन किया है, उन्होंने ब्लड फ्लो में वृद्धि होने का अनुभव किया।

**चुकंदर** चुकंदर नाइट्रेट से भरपूर होता है, जिसे शरीर अपने आप नाइट्रिक अक्साइड में बदल देता है। यह नाइट्रिक अक्साइड रक्त वाहिकाओं को आराम देने में मदद करता है और आपके टिश्यूज और अंगों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है।

एक अध्ययन के अनुसार, हर दिन चुकंदर का जूस पीने से आपका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर, रक्त वाहिकाओं की सूजन और थक्के बनना कम हो जाता है। चुकंदर का जूस एथलीट के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।

**हल्दी** हल्दी को करक्यूमिन नामक यौगिक से जीवाणुरोधी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मिलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं को फैलने में मदद करते हैं और ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करते हैं। कई अध्ययनों के अनुसार, करक्यूमिन नाइट्रिक अक्साइड के उत्पादन को बढ़ाता है और सूजन और अक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा हल्दी का सेवन आपको स्वस्थ और चमकदार त्वचा दिलाने में मदद करता है और खून की गुणवत्ता में भी सुधार करता है।

# प्रत्यारोप जवाब नहीं होते



राहुल गांधी और महुआ मोइत्रा ने कुछ ठोस सवाल पूटे हैं। बेहतर नजरिया यह होता कि इन प्रश्नों के ठोस जवाब देश के सामने प्रस्तुत किए जाते। लेकिन- जैसाकि सत्ताधारी दल और उसके समर्थक इक-सिस्टम का तरीका रहा है- उन्होंने जवाबी आरोपों की झड़ी लगा दी है।

देश-दुनिया में बहुत सी बातें अनुभवजन्य होती हैं। उनके कोई लिखित सबूत नहीं होते, लेकिन इनसान उसमें इसलिए भरोसा करता है, क्योंकि उसके पास ऐसा करने के कारण होते हैं। इसी तरह कई मामलों में साक्ष्य ठोस नहीं, बल्कि परिस्थितिजन्य होते हैं। ऐसे सबूतों को तो न्यायिक निर्णयों में भी अहमियत दी जाती है। राहुल गांधी ने लोकसभा में दिए अपने भाषण में गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों और अडानी साम्राज्य खड़ा होने के पीटे उसके हाथ की जो लंबी चर्चा की, वह अनुभवजन्य और परिस्थितिजन्य चर्चाओं के आधार पर ही की। उन्होंने जो कहा, उसमें कोई नई बात नहीं है। बल्कि न सिर्फ आम चर्चाओं, बल्कि देशी-विदेशी मीडिया में भी उनकी बात होती रही है। अब जबकि अडानी घराने के ऊपर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से कई गंभीर आरोप सामने आए हैं और देश की विनियामक संस्थाओं पर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं, तो जाहिर है, उन चर्चाओं ने भी गंभीर रूप ले लिया है। राहुल गांधी या महुआ मोइत्रा ने इन्हें ही सिलसिलेवार ढंग से सदन में रखा है।

दोनों ने प्रधानमंत्री और सरकार कुछ ठोस सवाल पूटे हैं। बेहतर नजरिया यह होता कि इन प्रश्नों के ठोस जवाब देश के सामने प्रस्तुत किए जाते। लेकिन- जैसाकि सत्ताधारी दल और उसके समर्थक इक-सिस्टम का तरीका गुजरे वर्षों में रहा है- उन्होंने जवाबी आरोपों की बौछार लगा दी है। महुआ मोइत्रा ने सदन में कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें एक अमेरिकी बैंक, चीन और यहां तक कि अंबानी का एजेंट बताया जा रहा है। राहुल गांधी का भाषण भी खत्म होते ही उन पर जवाबी हमलों की झड़ी लगा दी गई। लेकिन सरकार और सत्ता पक्ष को यह समझना चाहिए कि विपक्ष की छवि नष्ट करने से वे सवाल गायब नहीं होंगे, जो उसकी तरफ से उठाए गए हैं। इससे सत्ता पक्ष अपने समर्थक जमात को टकिंग प्वाइंट्स मुहैया करा सकता है और अपने संभावित चुनावी नुकसान को सीमित कर सकता है, लेकिन ऐसे तरीकों से हिंडनबर्ग रिपोर्ट से भारतीय कारोबार जगत को लेकर दुनिया भर में जो संदेह पैदा हुआ है, उस साये को छांटना संभव नहीं होगा।

# जल्द वजन बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी दिनचर्या में शामिल करें ये 5 एक्सरसाइज

शारीरिक फिटनेस पूरे लुक पर काफी प्रभाव डालती है, इसलिए अतिरिक्तमोटापा हो या फिर दुबलापन बिल्कुल भी सही नहीं है। अगर आपका बडी मास इंडेक्स 18.5 से नीचे है तो आपका वजन कम है और आपको वजन बढ़ाने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए क्योंकि सामान्य से कम वजन होना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। आइए आज आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अपना वजन बढ़ा सकते हैं।



**बेंच प्रेस एक्सरसाइज** सबसे पहले एक बेंच पर पीठ के बल लेटें और अपने दोनों पैरों को घुटनों से मोड़कर नीचे फर्श पर रखें। अब अपनी बाहों को पूरी तरह से फैलाते हुए धीरे-धीरे वेट बार उठाएं। इसके बाद सांस को छोड़ते हुए वेट बार को ऊपर ले जाएं और हाथों को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ें। फिर सांस को लेते हुए वेट बार को नीचे लाएं। ऐसे दो से तीन सेट पूरे करें।

**बेंच डिप एक्सरसाइज** इस एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले एक बेंच पर बैठें और इसे अपनी हथेलियों से पकड़कर आगे की ओर स्लाइड करें। इस दौरान आपके शरीर का पूरा हिस्सा बेंच के बाहर होना चाहिए। अब अपनी पीठ को सीधा रखते हुए कोहनियों को 90 डिग्री पर झुकाएं और अपने घुटनों को थोड़ा झुकाकर रखें। इसके बाद पहले वाली स्थिति में वापस लौटें और इस प्रक्रिया को दोबारा दोहराएं।

**पुल-अप्स एक्सरसाइज** अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कंधों की चौड़ाई की दूरी पर पुल-अप्स रोड को पकड़ लें। इसके बाद अपने दोनों हाथों पर जोर डालते हुए कोहनियों को मोड़ें और पूरे शरीर को ऊपर उठाएं। फिर दोबारा से अपने शरीर को नीचे करें और शरीर को ढीला छोड़ते हुए लटकें। यह पुल-अप्स एक्सरसाइज की एक रेप्स है। ऐसे कम से कम 10 रेप्स करें।

**बैंडेड सिंगल लेग डेडलिफ्ट एक्सरसाइज** सबसे पहले जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने बाएं पैर के बीच में एक रेजिस्टेंस बैंड डालें। फिर बैंड का दूसरा छोर दोनों हाथों से पकड़े। इसके बाद अपना सारा वजन बाएं पैर पर डालकर इसे घुटने से थोड़ा मोड़ें। फिर अपनी पीठ को सीधा रखते हुए आगे की ओर झुकें और दाएं पैर को पीटे की ओर फैलाएं। अब दाएं पैर को वापस जमीन से सटाएं। इसी तरह दोनों पैर से 10-15 रेप्स पूरे करें।

**स्क्वाट एक्सरसाइज** स्क्वाट के लिए अपने दोनों हाथ सामने की ओर खोलकर सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान आपकी छाती एकदम तनी हुई होनी चाहिए। अब धीरे-धीरे अपने घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जिस तरह से कुर्सी पर बैठा जाता है। इसके बाद सांस भरते हुए धीरे-धीरे नीचे झुकें और फिर ऊपर आते समय सांस छोड़ें। शुरूआत में इसी तरह 10 स्क्वाट करें। फिर धीरे-धीरे 12-15 तक ले जाएं।

# सीएम धामी ने जनता मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी जन समस्याएं आ रही हैं, उनका समयबद्धता से निस्तारण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सचिव आर.मीनाक्षी सुन्दरम को निर्देश दिये कि जन समस्याओं से सबंधित जो भी पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय को प्राप्त हो रहे हैं, उन्हें सबंधित विभागों को भेजकर उस पर कृत कार्यवाही की नियमित अपडेट लिया जाए। सभी जन समस्याओं एवं शिकायतों की मुख्यमंत्री कार्यालय से नियमित मॉनेटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कुछ जन समस्याओं को सबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, आईजी के.एस. नगन्याल, अपर सचिव नवनीत पाण्डे, जगदीश चन्द्र काण्डपाल मौजूद थे।

## अहंकार में डूबी भाजपा सरकार को नहीं दिख रहा जनता का दुख

चमोली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के उत्तराखंड प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों को जनता का दुख नहीं दिखाई दे रहा है।

लल्लू ने कहा कि केंद्र सरकार की कुनीतियों के चलते जहां देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। शनिवार को गौचर और कर्णप्रयाग पहुंची कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दौरान रोड शो और जनसभा के कार्यक्रम किए गए। गौचर में रामलीला मैदान और कर्णप्रयाग मुख्य बाजार में आयोजित जनसभा में कांग्रेसी वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार को जमकर घेरा। कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी गणेश गोदियाल, लोकसभा संयोजक मनीष खण्डूड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश खंडूड़ी ाारायणबगड़ के खेमराम कोठियाल, मनीष कोहली आदि मौजूद थे।

# घनसाली में तीन दिवसीय बसंत पंचमी कौथिग मेला शुरु



टिहरी। जन जागृति लोक सरंक्षण समिति के सौजन्य से घनसाली बाजार में तीन दिवसीय बसंत पंचमी कौथिग का घनसाली नगर पंचायत अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मेले शुभारंभ अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत और नाटक की रंगारंग प्रस्तुति दी। नगर पंचायत अध्यक्ष शंकर पाल सजवाण ने कहा कि थोल हमारी सांस्कृति के प्रतीक हैं, कहा कि जन जागृति लोक सरंक्षण समिति इस परंपरा को जीवित रखने के लिये प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन करती है। उन्होंने मेले के सूत्रधार स्व. महादेव नौटियाल को याद करते हुऐ कहा कि उनकी प्रेरणा से समिति का गठन किया गया था, जिसके बाद से संस्कृतिक मेलों का आयोजन कर पहाड़ी की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष नरेंद्र डंगवाल ने कहा समिति की ओर समय–समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर पहाड़ की संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। लोक गायिक मंजू सुंदरियाल ने भूमि का भूमियाल,लोकगायक विक्रम कपरवान ने कैलाश मां रन्दू शिवशंकर भोलेनाथ तथा बाल कलाकारों ने स्थानीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। तीन दिवसीय कौथिग में कृषि, समाज कल्याण, बाल विकास, उद्यान,स्वास्थ्य सहित कई अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# युवाओं पर लाठीचार्ज करवाने वाले अफसर बर्खास्त हो

देहरादून। सर्वदलीय एवं सामाजिक संगठनों की बैठक में युवाओं पर लाठीचार्ज की घटना की निंदा की गई। बैठक में लाठीचार्ज के दोषी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को हटाने की मांग की है।

इसके साथ ही यूकेएसएससी के अध्यक्ष को बर्खास्त कर उनकी संपत्ति की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। परेड ग्राउंड स्थित सपा कार्यालय में रिटायर आईएएस अधिकारी एसएस पांगती की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि युवा अपने हक के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे, जिन पर लाठियां बरसाई गई, इसमें कुछ युवा चोटिल भी हुए हैं। बेरोजगारों पर झूठे मुकदमें दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। वक्ताओं ने लाठीचार्ज के दोषियों को पद से हटाने और युवाओं पर दर्ज मुकदमें बिना शर्त वापस लेने की मांग की है।

साथ ही बेरोजगारों को नियुक्ति देने, भर्तियों में धांधलियों की सीबीआई जांच कराने, जोशीमठ के आपदा पीड़ितों को समुचित सहायता देने ने की मांग की है। इस मौके पर सीपीएम के राज्यसचिव राजेंद्र सिंह नेगी, सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, माले गढ़वाल सचिव इन्द्रेश मैखुरी, सपा के प्रदेश अध्यक्ष अतुल शर्मा, राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसाईं, उत्तराखंड पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक सयुंक्त मोर्चा के महामंत्री पीसी थपलियाल, पीपुल्स फोरम के अध्यक्ष जयकृत कंडवाल, जनसंवाद समिति के महामंत्री सतीश धौलाखंडी, सीपीएम के जिला सचिव राजेंद्र पुरोहित, देहरादून सचिव अनंत आकाश, सर्वोदय मंडल के हरबीर कुशवाहा, यशवीर आर्य, एटक के महामंत्री अशोक शर्मा, सीटू राज्य सचिव लेखराज, एसएफआई राज्य सचिव हिमांशु चौहान, महिला समिति की उपाध्यक्ष इंदु नौडियाल, परंपरागत वन निवासी नूर मोहम्मद आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. एसएस सचान ने किया।

## कैंट विधायक ने किया सीवर लाइन निर्माण कार्य का उद्घाटन

देहरादून। देहरादून, कैंट विधायक सविता कपूर ने वार्ड 42 कांवली में कमलेश्वर महादेव मंदिर के समीप सीवर लाइन कार्य का उद्घाटन किया। सविता कपूर ने बताया कि कांवली क्षेत्र में ही व्योमप्रस्थ में भी इस योजना के तहत सीवर लाइन का कार्य किया जाएगा। लगभग लगभग 41 लाख की लागत से वर्षों से चली आ रही मांग का शनिवार को शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी पूरी विधानसभा के अधिकांश क्षेत्र अब सीवर लाइन से जुड़ चुके हैं। कुछेक गलियां भी जल्द सीवर लाइन से जुड़ जाएंगी। इस अवसर पर अपर सहायक अभियंता विनोद पांडेय, संजय रौतेला, दयाल बिष्ट, सचिन शर्मा, नितिन शर्मा, शिव लाल, शशांक शर्मा, अनुराग सक्सेना मौजूद थे।

# लाठी चार्ज के विरोध में यूकेडी ने निकाली पदयात्रा




ऋषिकेश। देहरादून में बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को यूकेडी ने पदयात्रा निकाली। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि धामी सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने की जगह उन पर जुल्म ढा रही है। इसका खामियाजा आगामी चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

शनिवार को देहरादून में युवाओं पर हुए लाठी चार्ज के खिलाफ यूकेडी कार्यकर्ता छिद्दरवाला चौक पर एकत्रित हुए। यहां सरकार विरोधी नारेबाजी की। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री मोहन सिंह असवाल के नेतृत्व में यहां से पदयात्रा शुरू की। यूकेडी कार्यकर्ताओं की पदयात्रा नेपाली तिराहे, खदरी रेलवे फाटक, श्यामपुर चौकी तिराहे, आईडीपीएल सिटी गेट, पुरानी चुंगी तिराहे से होते हुए त्रिवेणीघाट पहुंची। त्रिवेणी घाट पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के साथ पदयात्रा का समापन किया गया।आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की धामी सरकार पर निशाना साधा। कहा कि उत्तराखंड के बेरोजगारों पर जिस बर्बरता से पुलिस प्रशासन ने लाठियां भांजी वह शर्मनाक है। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के इशारे पर बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज किया गया। इसे युवा कभी माफ नहीं करेंगे। प्रदर्शन में अन्य पिछड़ा वर्ग के केंद्रीय अध्यक्ष सेवक सिंह राणा, भरत राणा, दरबान नैथानी, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री उषा चौहान, कमला राणा, रामचंद्र पुंडीर, संजय रावत, अंशुमान, अशोक भारती, योगेश भट्ट, प्रीति राणा, कमला, शकुंतला आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### उत्तराखंड में भी इंटीग्रेटेड काउंसिल स्थापित हो

ऋषिकेश। स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाए जाने एवं विश्वस्तरीय शोध हेतु भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी एवं एकीकृत परिषद ( इंटीग्रेटेड काउंसिल) को उत्तराखंड में भी स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पीएम मोदी ने भी अपनी मन की बात में इसका जिक्रकिया है। उत्तराखंड की राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने राज्यसभा में भी इस मुद्दे को जोर शोर से उठाया। ऋषिकेश एम्स के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. जितेंद्र गैरोला ने पत्रकारों को बताया कि इस संबंध में उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्रियों से पत्राचार कर इंटीग्रेटेड कांउसिल ओर संस्थान को स्थापित करने का अनुरोध किया है। आयुष्मान भारत इंफास्ट्रक्चर मिशन के तहत केंद्र सरकार की ओर से जोनल स्तर पर 4 अलग–अलग स्थानों पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी स्थापित किए जाने हैं। इस योजना का उद्देश्य भविष्य में समय–समय पर सामुदायिक स्तर पर संक्रमण के चलते तेजी से फैलने वाली कोविड–19 जैसी महामारी से निपटने में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करना है। संस्थान की स्थापना हो जाने से नई एंटी वायरल दवाइयों पर शोध, डायग्नोस्टिक किट एवं वैक्सीन भी व्यापक स्तर पर बनाई जा सकेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्य के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल एवं रायपुर विधायक उमेश काऊको ज्ञापन सौंप उनके समक्ष भी इस मांग को रखा।

### देवप्रयाग के दशरथांचल पर्वत में लगी आग

टिहरी। देवप्रयाग नगर के समीप स्थित दशरथांचल पहाड़ की सूखी घास पर लगाई गई, आग करीब आधा किलोमीटर वन क्षेत्र में फैल गई। तेज हवा चलने से आग जंगल से गांव के निकट तक आ पहुंची, जिससे ग्रामीणों में दहशत बन गई। जंगल से गुजरने वाली बिजली लाइनें यहां लगे ट्रांसफार्मरआग की चपेट में आने से किसी तरह से बचे गये। शनिवार सुबह दशरथ पहाड़ पर कुछ ग्रामीण महिलाओं ने सूखी घास को नष्ट करने के लिए आग लगाई, तेज हवा के चलते आग निकट के गांव तक आ पहुंची। आग को काबू करने के लिए ग्रामीण महिलाओं की ओर से काफी कोशिश की गई मगर वह सफल नहीं हो पायी। धुंआ और आग से क्षेत्र के तापमान में भी वृद्धि भी होती दिखी, लगातार चल रही हवा से आग के बड़े क्षेत्र में फैलने की आंशका बनी है।

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में कांग्रेस ने बोला सरकार पर हल्ला



रुद्रप्रयाग। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में कांग्रेसियों ने सरकार पर प्रदेश में पेपर लीक मामलों की जांच और युवा बेरोजगारों पर लाठीचार्ज के दोषियों को कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मुख्य बाजार में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और आशा के साथ उत्तराखंड राज्य की मांग की गई थी, उसी राज्य का युवा आज भाजपा सरकार की लाठियों खा रहा है। शनिवार को रुद्रप्रयाग पहुंची कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दौरान यात्रा के उत्तराखंड प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो गई है। भर्ती के नाम पर पेपर लीक हो रहे हैं और जब युवा इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है तो उस पर लाठियां बरसाई जा रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी ने भारत जोडो यात्रा को लेकर कन्या कुमारी से कश्मीर तक वे जो अश्वेघ प्रतिज्ञा की थी, जिसका समापन कश्मीर के लाल चौक पर किया गया। उसी संदेश को हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से घर–घर तक पहुंचाया जा रहा है। कहा कि भाजपा आज पूरे देश में कांग्रेस द्वारा जोड़े गए संसाधनों को खत्म कर रही है। कई बड़े और छोटे उद्योग निजी हाथों बेच दिए गए हैं। जनता महंगाई से त्रस्त है और दो जून की रोटी खाना मुश्किल हो गया है। पूर्व में सांसद प्रत्याशी रहे मनीष खंडूड़ी ने कहा कि भाजपा हर मुद्दे पर बैक फुट पर रही है। जब भी जन हित की बात आई वह मौन बैठी रही है। पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल, पूर्व जिपंअ लक्ष्मी राणा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बुटोला आदि ने भी भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। वक्ताओं ने भर्ती परीक्षाओं में घोटाले और हाल ही में देहरादून में बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज की जमकर निंदा की गई। कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवा बेरोजगारों का भविष्य दांव पर लगा है। हर तरफ भर्तियों में पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधेरे में चले गया है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा, प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बुटोला, पूर्व जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शशि नौटियाल, पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र सिंह झिंक्वाण, प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी,नगर पालिका अध्यक्ष गीता झिंक्वाण, दीपा आर्य, संतोष रावत, बंटी जगवाण, लक्ष्मण रावत, जिपंस नरेंद्र बिष्ट, अजय झिंक्वाण, जसपाल भारती आदि मौजूद थे।

## शोषण मुक्त भारत को लेकर हुई गोष्ठी

देहरादून। शोषण मुक्त भारत व इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश में अमन सौहार्द प्रबंधक को मजबूत करने के लिए अभियान की जरूरत पर जोर दिया गया। लैंसडौन चौक के पास हुई गोष्ठी व प्रेसवार्ता में संयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि देश में शोषण उत्पीड़न अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं। संबंधित विभागों से मिलकर उनकी संस्था पीड़ितो को हर संभव मदद दिलाने का प्रयास कर रही है। संस्था इसको लेकर जगह–जगह गोष्ठी का आयोजन भी कर रही है ताकि उत्पीड़ित समाज एकजुट हो सके। इसी कड़ी में शनिवार को गोष्ठी की गई। उत्तराखंड में महिला, उत्पीडन, हत्या, युवाओं के साथ छलावा, सामुदायिक भेदभाव के मामले बढ़ना चिंताजनक है।

## अच्छी खबर .. तीर्थनगरी ऋषिकेश को नहीं झेलना पड़ेगा बिजली का संकट

ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने पर बिजली संकट नहीं झेलना पड़ेगा। आपातकालीन स्थिति में चंबा 220 केवी विद्युत सब स्टेशन से सीधे ऋषिकेश के लिए पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। यह संभव होगा वीरभद्र बिजली घर से तपोवन बिजली घर को जोड़ने वाली करीब 7.50 किलोमीटर लंबी नई 33 केवी विद्युत लाइन से। चारधाम यात्रा के प्रवेशद्वार तीर्थनगरी ऋषिकेश को प्रदेश सरकार ने विद्युत कटौती से मुक्त रखने की घोषणा की है। लेकिन गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से कई बार ऊर्जा निगम को कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। साथ ही अधिक लोड बढ़ने से कई बार ग्रिड फेल होने की संभावना बनी रहती है। ग्रिड फेल होने पर कम से कम तीन से चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। अच्छी खबर यह कि ऋषिकेश में अचानक ग्रिड फेल होने पर बिजली गुल नहीं होगी। आपातकालीन स्थिति में टिहरी जनपद के चंबा बिजली घर से बिजली ले सकेंगे। अधिशासी अभियंता शक्ति प्रसाद ने बताया कि वीरभद्र 220 केवी सब स्टेशन को टिहरी जनपद के तपोवन बिजली घर से जोड़ने के लिए 33 केवी नई विद्युत लाइन का निर्माण किया जाना है। करीब 5 करोड़ की इस योजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मार्च के पहले सप्ताह से करीब 7.50 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन का कार्य शुरू हो जाएगा। बताया कि इस नई लाइन के बनने के बाद ऋषिकेश बिजली घर चंबा से जुड़ जाएगा।

## एम्स ऋषिकेश में हुआ लैम्प लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के नर्सिंग कॉलेज में लैम्प लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र सेवाभाव के साथ–साथ स्किल्स डेवलप करने का पेशा है और शिक्षा पूरी करने के बाद नर्सिंग छात्राओं को फ्लोरेन्स नाइटिंगेल की भांति दया और सेवाभाव से रोगियों की सेवा करनी चाहिए। शनिवार को एम्स ऋषिकेश में बीएसएसी नर्सिंग 2022 बैच की नर्सिंग छात्राओं के लैम्प लाइटिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि नर्सिंग सलाहकार दीपिका सेसिल खाका ने नर्सिंग छात्राओं को नर्सिंग पेशे में आने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक दीपक बिना अपनी चमक को कम किए सैकड़ों दीपक जला सकता है। इसी तरह हम बिना कुछ खोए अपने ज्ञान, विचारों, मूल्यों और देखभाल के अनुभव को साझा करके दूसरों के जीवन में बड़ा योगदान दे सकते हैं। नर्सिंग पेशा, चिकित्सीय क्षेत्र के सिस्टम का प्रमुख अंग है और इसे अपने कार्यों में गुणवत्ता और पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने की जरूरत है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने नर्सिंग छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के गुणों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नाइटिंगेल न केवल एक अच्छी नर्स थीं, बल्कि वह एक महान सांख्यिकीविद् भी थीं।

## चेकिंग के दौरान सीपीयू ने पकड़े लोहा चोर

देहरादून। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की चेकिंग कर रही सीपीयू ने दो लोहा चोर पकड़े हैं। एसआई संजीव त्यागी और आरक्षी मनोज कुमार एमकेपी चौक पर यातायात ड्यूटी में थे। इस दौरान रेसकोर्स की तरफ से आ रहे दो व्यक्ति कंबल में कुछ सामान छुपा कर ले जा रहे थे, उनको रोककर चेकिंग की। पूछताछ में एक ने अपना नाम मोनू और दूसरे ने नईम बताया।

तलाशी करने पर पता चला कि वे लोहे की सरिया को काट कर के कंबल में लिपटाकर ले जा रहे थे, जो कि उन्होंने चोरी करके लाया था। दोनों चोर पहले जेल भी जा चुके हैं।

# लाठीचार्ज के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया सेलाकुई में प्रदर्शन



विकासनगर। देहरादून में रोजगार की मांग व भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलनरत बेरोजगार युवाओं पर लाठी चार्ज के खिलाफ आम आदमी पार्टी भी सडकों पर उतर आयी है।

आम आदमी पार्टी ने सेलाकुई में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपने गुस्से का इजहार किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली के नेत्तव में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों नें सेलाकुई पीठवाली गली में एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार पर हल्ला बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली नें कहा कि जब तक बेरोज़गार युवाओं पर किये गये मुक़दमे वापस नहीं किये जाते एवं सीबीआई जांच की मांग नहीं मानी जाती तब तक आम आदमी पार्टी विरोध प्रदर्शन करती रहेगी। आप नेता आजाद ने कहा कि भाजपा सरकार में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूकेएसएसएससी ने जो भर्तियां कराईं उनमें खुलकर भ्रष्टाचार सामने आया था।

# राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु बेसोगिलानी की तीन छात्राओं का चयन




विकासनगर। प्रखंड के राजकीय इंटर कॉलेज बेसोगिलानी की तीन छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए होने पर विद्यालय परिवार समेत ब्लॉक के अन्य विद्यालयों में भी खुशी की लहर है। शिक्षकों ने इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत का परिणाम करार दिया। शनिवार को तीनों छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कल्याण सिंह ने बताया कि एक फरवरी से तीन फरवरी तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। देहरादून की अंडर–19 टीम में राइंका बेसोगिलानी की छह छात्राएं भी शामिल थीं। टीम की जीत में बेसोगिलानी की खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। देहरादून की टीम ने नैनीताल की टीम को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की।

## डांस इंडिया डांस में इनाम जीत लौटे आयुष का सम्मान

ऋषिकेश। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास के छात्र आयुष लोधी ने डांस इंडिया डांस में एक लाख रुपये का इनाम जीता है। शनिवार को मुंबई से लौटे आयुष को विद्यालय में सम्मानित किया गया। शनिवार को आवास विकास स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विवेकानंद योग सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने कक्षा सात के छात्र आयुष लोधी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आयुष लोधी ने स्टार प्लस पर चलने वाले शो डांस इंडिया डांस में अपनी प्रतिभा दिखाई है। आयुष ने टॉप 20 में जगह बनाने के बाद द्वितीय स्थान प्राप्त किया और एक लाख रुपये का इनाम भी जीता। आयुष ने बताया कि इससे पूर्व वे कई मंचों पर अपने डांस की प्रतिभा दिखा चुके हैं और पुरस्कृत हो चुके हैं।

# पुलिस ने छात्र–छात्राओं को दी कानूनी जानकारियां

ऋषिकेश। ऋषिकेश पुलिस ने श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पुलिस अधिकारियों ने छात्र–छात्राओं को उनके अधिकार, यातायात नियम, नशे से दूर रहने और साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया। साथ ही छात्राओं को शक्ति एप की जानकारी दी गई। शनिवार को श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश खुशीराम पांडेय ने छात्र छात्राओं को उनके अधिकारों और नशे से दूर रहने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य को बर्बादी के रास्ते पर ले जाता है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के इस दौर में साबर क्राइम बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर क्राइम इस आधुनिक दौर की उपज है। अनावश्यक रूप से मोबाइल पर आने वाले किसी भी लिंक को नहीं छूना चाहिए। फोन पर किसी भी प्रकार की जानकारी अन्य व्यक्ति से साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यातयात नियम, गौर शक्ति एप आदि की जानकारी भी दी।

# श्रीलंका ने महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया




केपटाउन, 11 फरवरी। कप्तान चामारी अटापट्टू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर तीन रन से रोमांचक जीत दर्ज की । अटापट्टू ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 50 गेंद में 12 चौकों की मदद से 68 रन बनाये जो महिला विश्व कप में किसी बल्लेबाज का श्रीलंका के लिये सर्वोच्च स्कोर है ।

दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिये 130 रन का लक्ष्य मिला लेकिन श्रीलंकाई स्पिनरों ने उन्हें नौ विकेट पर 126 रन पर ही रोक दिया । श्रीलंका की 2016 के बाद दक्षिण अफ्रीका पर टी20 क्रिकेट में यह पहली जीत है । श्रीलंका की शुरूआत धीमी रही और पहले तीन ओवर में चार रन ही बने लेकिन अटापट्टू ने नोंकुलुलेको एमलाबा को लगातार चौके जडक़र दबाव हटाया । सलामी बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा को नडाइन डे क्लेर्क ने मिडविकेट पर लपकवाया ।

दूसरे छोर से अटापट्टू ने इसी गेंदबाज को नौ गेंद में पांच चौके लगाये । सत्रह वर्ष की विष्मी गुणत्ने को जमने में समय लगा लेकिन उसने कप्तान का बखूबी साथ देते हुए 34 गेंद में 35 रन बनाये । दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 86 रन जोड़े जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिये श्रीलंका की सबसे बड़ी साझेदारी है । दोनों के विकेट हालांकि लगातार गेंदों पर गिरने से श्रीलंका की रनगति पर अंकुश लग गया ।

शबनम इस्माइल ने 19वें ओवर में निलाक्षी डिसिल्वा को आउट किया जबकि मरियाने काप ने आखिरी ओवर में पांच ही रन दिये ।

जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी रही । सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को पांचवीं गेंद हेलमेट पर लगी जिसके बाद उन्हें दो बार कनकशन टेस्ट देना पड़ा । आफ स्पिनर ओशादी रणसिंघे ने पावरप्ले के आखिरी से पहले ओवर में चार डॉट गेंद डालकर दबाव बनाया और ब्रिट्स का विकेट भी लिया ।

काप भी 11 रन बनाकर आठवें ओवर में इनोका रणवीरा का शिकार हुई । रणवीरा ने लौरा वोल्वार्ट ( 18 ) को भी पवेलियन भेजा । दक्षिण अफ्रीका की आधी टीम 72 के स्कोर पर पवेलियन में थी । आखिरी क्षणों में सिनालो जाफ्टा और इस्माइल के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका तीन रन से चूक गया ।

## सीरीज के बीच में ही भारत के लिए बुरी खबर, चोट के कारण बुमराह हुआ टीम से बाहर

नागपुर, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। लेकिन इस बीच एक बुरी खबर यह है की टीम इंडिया का एक खिलाड़ी इस सीरीज से बाहर हो गया है। ऐसा इसलिए की चोट के कारण वो अब इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।जानकारी के अनुसार भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही बॉर्डर–गावस्कर टेस्ट सीरीज से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। पहले यह था की लास्ट के दो मैच के लिए वो टीम में शामिल होंगे, लेकिन अब वो पूरी सीरीज में ही नहीं खेल पाएंगे।जानकारी के अनुसार बुमराह पीठ में चोट के कारण सितंबर 2022 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए है। इसी चोट के कारण उन्हें पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भी टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अब वो पूरी सीरीज से ही बाहर हो गए है।

## जोनाथन बेट्टी महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच



नयी दिल्ली, इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जोनाथन बेट्टी को शनिवार को पहली महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच चुना गया ।

48 वर्ष के बेट्टी की सहयोगी पूर्व क्रिकेटर हेमलता काला और लीसा नाइटले होंगी ।

सर्रे और ग्लूस्टरशर के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बेट्टी ओवल इंविंसिबल्स महिला टीम के कोच रह चुके हैं जिसने 2021 और 2022 में द हंड्रेड खिताब जीता था ।वह महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और सर्रे महिला टीम के भी कोच रहे हैं ।

उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा , दिल्ली कैपिटल्स से बतौर मुख्य कोच जुडक़र काफी रोमांचित हूं । महिला क्रिकेट से जुडऩे का यह शानदार समय है और महिला प्रीमियर लीग दुनिया में महिलाओं के पेशेवर खेल का स्वरूप बदल सकती है ।

भारत के लिये सात टेस्ट और 78 वनडे खेल चुकी काला राष्ट्रीय चयन समिति की प्रमुख भी रही हैं । उनके कार्यकाल में ही भारत 2017 विश्व कप फाइनल में पहुंचा था ।

आस्ट्रेलिया के लिये नौ टेस्ट और 82 वनडे खेल चुकी नाइटले इंग्लैंड महिला टीम की कोच रह चुकी है । वह पर्थ स्क्रोचर्स और सिडनी थंडर्स की भी मुख्य कोच रही हैं ।

बीजू जॉर्ज टीम के फील्डिंग कोच होंगे जो दिल्ली कैपिटल्स पुरूष टीम के साथ भी जुड़े हैं ।

पहली महिला प्रीमियर लीग चार से 26 मार्च के बीच खेली जायेगी ।



## रवींद्र जडेजा ने इस मामले में कपिल देव को छोड़ा पीछे, अश्विन की बराबरी की

नागपुर,भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारत ने 165 रन से ज्यादा की बढ़त ले ली है। इस मैच में भारतीय खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने एक बड़ा कारनामा किया है। इसमें उन्होंने भारतीय टीम के खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया है।आपकों बता दें की जड़ेजा ने नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट आउट किए है। साथ ही उन्होंने 70 रन भी बनाए है। उन्होंने गेंद और बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसी के साथ उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर ली है।

जानकारी के अनुसार भारतीय टीम के खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने अपने करियर में ये कारनामा छठी बार किया है। इससे पहले भी वो पांच बार पांच पांच विकेट और अर्धशतक लगा चुके है। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर ली है। अश्विन ने भी एक टेस्ट मैच में 5 विकेट और अर्धशतक टेस्ट करियर में 6 बार लिए हैं। वहीं कपिल देव ने ये काम टेस्ट करियर में चार बार किया है।

## भारतीय महिला टीम की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर, पहला मुकाबला पाकिस्तान से

केपटाउन, लंबे समय से आईसीसी खिताब को तरस रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा इस बार इंतजार को खत्म करने का होगा । भारत और पाकिस्तान का मुकाबला वैसे भी रोमांचक होता है लेकिन भारतीय टीम का पलड़ा भारी होने से यह शायद अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सके । पाकिस्तान ने हालांकि भारत को पिछले साल एशिया कप में हराया था जब भारतीय टीम ने जरूरत से ज्यादा प्रयोग किये थे । पिछले पांच साल में दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर देखने को मिला है । भारतीय टीम आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दबदबे को लगातार चुनौती दे रही है जबकि पाकिस्तानी महिला टीम कुछ खास नहीं कर सकी । पहली महिला प्रीमियर लीग की नीलामी से एक दिन पहले होने वाले इस मैच में भारतीय खिलाडिय़ों के लिये अतिरिक्त प्रेरणा रहेगी लेकिन कुछ का फोकस हट भी सकता है । भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की फिटनेस को लेकर भी संदेह है जो क्रमश: कंधे और उंगली की चोट से जूझ रही हैं । उनके खेलने के बारे में फैसला शनिवार को अभ्यास सत्र के बाद लिया जायेगा । बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , दोनों सीनियर खिलाड़ी हैं और टीम के लिये काफी महत्वपूर्ण है । अगर उनकी फिटनेस को लेकर तनिक भी संदेह हुआ तो हम जोखिम नहीं लेंगे क्योंकि यह पहला ही मैच है । भारत को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में हराया है । इसके अलावा अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से हारे लेकिन बांग्लादेश को हराया ।




भारतीय टीम के सेमीफाइनल तक पहुंचने की प्रबल संभावना लग रही है लेकिन आस्ट्रेलिया को हराने के लिये उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । रेणुका सिंह को छोडक़र गेंदबाजों में आत्मविश्वास नहीं दिख रहा । अनुभवी शिखा पांडे ने पिछले महीने वापसी के बाद से एक भी विकेट नहीं लिया है । स्पिनरों का प्रदर्शन भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा । वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत और मंधाना को दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है । हाल ही में अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली शेफाली वर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन करके आलोचकों को जवाब देना चाहेंगी । जेमिमा रौड्रिग्स से भी अच्छी पारी की उम्मीद है ।गेंदबाज हरफनमौला पूजा वस्त्राकर की भूमिका अहम होगी जबकि डैथ ओवरों में रिचा घोष को अच्छा प्रदर्शन करना होगा । पाकिस्तान के लिये निदा दर पर काफी दारोमदार होगा । पाकिस्तान ने हाल ही में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला खेली है और अभ्यास मैच में बांग्लादेश को हराया लेकिन दक्षिण अफ्रीका से हार गए।

टीमें : भारत : हरमनप्रीत कौर ( कप्तान ), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, जेमिमा रौड्रिग्स, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ , शिखा पांडे ।

पाकिस्तान : बिस्माह मारूफ ( कप्तान ), ऐमान अनवर, आलिया रियाज, आयशा नसीम, सदफ शमास, फातिमा सना, जावेरिया वदूद, मुनीबा अली, नशरा सुंधू, निदा दर, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, तुबा हसन ।

मैच का समय : शाम 6 . 30 से ।

# फिल्मी सफर

## सेल्फी का गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज, अक्षय कुमार संग दिखीं मृणाल ठाकुर

अक्षय कुमार पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। दर्शक ब्रेसबी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को बेहद पसंद आया था। अब गुरुवार को निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज कर दिया है। इसमें अक्षय के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आ रही हैं। गाने में अक्षय, मृणाल संग रोमांस करते दिख रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री शानदार लग रही है।



ओरिजिनल गाने को द प्रोफेक और जहरा खान ने गाया है और इसे सेल्फी के लिए तनिष्क बागची ने रीक्रिएट किया है। हालांकि, तनिष्क ने गाने में कुछ नए बोल भी जोड़े हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही सेल्फी में पहली बार अक्षय और इमरान हाशमी बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। फिल्म में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी भी अहम भूमिका में हैं।यह 24 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।मृणाल ने करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उन्होंने 2018 में फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद वह फिल्म सुपर 30 में नजर आईं। बाटला हाउस और फरहान अख्तर के साथ फिल्म तूफान में भी उन्हें देखा गया। मृणाल अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म धमाका में भी दिखी थीं। उनकी आखिरी फिल्म शाहिद कपूर के साथ जर्सी थी। जल्द ही मृणाल आंख मिचौली, पिप्पा, पूजा मेरी जान और गुमराह जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

अगर आप मृणाल के प्रशंसकों में शुमार हैं तो आप घर बैठे उनकी कई फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। उनकी फिल्म तूफान अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। जर्सी नेटफ्लिक्स पर है। बाटला हाउस अमेजन प्राइम वीडियो पर तो सुपर 30 हॉटस्स्टार पर है।

अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल की बायोपिक कैप्सूल गिल का हिस्सा हैं। इसके अलावा फिल्म सिंघम अगेन में वह सूर्यवंशी के अवतार में नजर आने वाले हैं। अक्षय वेडात मराठे वीर दौडले सात से मराठी फिल्मों में कदम रखने जा रहे हैं। इसमें वह शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। वह फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में दिखेंगे। सी शंकरन नायक की बायोपिक भी अक्षय के खाते से जुड़ी है।

## मेयर ऑफ ईस्टटाउन में केट विंस्लेट के किरदार से प्रेरित है करीना कपूर का नया कैरेक्टर

बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर खान कई फिल्मों के साथ अपने चमकदार करियर में एक नए चरण की शुरूआत कर रही हैं। उन्होंने साझा किया कि आगामी हंसल मेहता फिल्म में उनका कैरेक्टर हॉलीवुड स्टार केट विंसलेट की मेयर ऑफ ईस्टटाउन में भूमिका से प्रेरित है।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हंसल मेहता द्वारा निर्देशित द बकिंघम मर्डर्स की यूके में शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेत्री इसमें एक जासूस और मां की भूमिका निभा रही हैं जो बकिंघमशायर के एक कस्बे में एक हत्या की घटना की जांच करती है।उन्होंने वैरायटी को बताया, मुझे मेयर ऑफ ईस्टटाउन बहुत पसंद है और जब हंसल मेरे पास आए, तो मैंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं करना चाहूंगी।

यह पहली बार है कि मैंने इसमें डब किया है।एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और महाना फिल्म द्वारा निर्मित यह परियोजना करीना की पहली निर्माता के रूप में भी है। करीना ने फिल्म निर्माता सुजॉय घोष द्वारा जापानी लेखक हिगाशिनो कीगो के 2005 के बेस्टसेलिंग उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स के भारतीय रूपांतरण को भी पूरा किया है।




इसके अलावा करीना के पास तब्बू और कृति सेनन के साथ राजेश कृष्णन की द क्रू है, जिस पर मार्च में काम शुरू होगा। इसको लेकर करीना ने कहा, द क्रू वह फिल्म है जो चमकदार और ग्लैमर से भरपूर है।

## कपिल शर्मा का डेब्यू एल्बम अलोन हुआ रिलीज, अलग अंदाज में नजर आए कॉमेडियन



जाने माने मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा का सिंगिंग डेब्यू हो गया है। वेलेनटाइन डे वीक में कपिल शर्मा एवं गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन गाना लेकर हाजिर हो चुकी है। जब से कपिल शर्मा ने अलोन से अपने म्यूजिक डेब्यू की घोषणा की थी, तब से प्रशंसक गाना देखने के लिए उत्साहित थे। हर कोई देखने को बेकरार था कि कपिल शर्मा और गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन में क्या धमला मचाने वाली है।

कपिल शर्मा मनोरंजन जगत की वो हस्ती हैं, जिन्हें देखते ही लोगों के चेहरे पर मिलियन डॉलर स्माइल आ जाती है। प्रशंसकों को उम्मीद रहती है कि कपिल जब भी सामने आएंगे, सबको गुदगुदा कर ही जाएंगे। लेकिन सॉरी बॉस। इस बार कपिल शर्मा ने आपकी उम्मीदों से हटकर काम किया है। हमेशा हंसने–हंसाने वाले कपिल शर्मा अलोन में रोते हुए नजर आए।

गुरु रंधावा, कपिल शर्मा एवं योगिता बिहानी स्टारर अलोन सॉन्ग दिल टूटे आशिकों पर फिल्माया गया है। गाने में कपिल शर्मा, योगिता बिहानी के प्यार में डूबे दिखाई दिए। पर कपिल शर्मा और योगिता बिहानी की लव स्टोरी का एंड हैप्पी नहीं होता है। योगिता बिहानी, कपिल शर्मा को खूबसूरत यादों के साथ छोडक़र चली जाती हैं तथा आखिर में कपिल की आंखों में आए आंसू प्रशंसकों को अपसेट कर सकते हैं। वही गुरु रंधावा और कपिल शर्मा की जोड़ी म्यूजिक वीडियो में अपना बेस्ट देते नजर आए।

## सारा अली खान की फिल्म मर्डर मुबारक में एंट्री, ली जान्हवी कपूर की जगह

जान्हवी कपूर फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आने वाली थीं। वह इसे लेकर बेहद उत्साहित थीं और उन्होंने इसमें खासी दिलचस्पी भी दिखाई थी, लेकिन फिर अचानक वह इससे पीछे हट गईं। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह दूसरी हीरोइन की तलाश शुरू हुई। अब खबर है कि इसके लिए सारा अली खान का नाम फाइनल हो गया है। सारा को फिल्म में पहली बार अभिनेता विजय वर्मा के साथ देखा जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के जरिए पहली बार सारा और विजय साथ काम करने वाले हैं। विजय, वही, जो इन दिनों अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सारा और विजय साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, वहीं पर्दे पर इस नई–नवेली जोड़ी को देखना दर्शकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। विजय की जगह पहले इसमें आदित्य रॉय कपूर को साइन किया गया था।जल्द ही कई नई जोडियां पर्दे पर दिखेंगी। जहां तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी बनी है, वहीं बवाल में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आएंगे। इस फेहरिस्त में प्रभास–कृति सैनन और शाहरुख खान–तापसी पन्नू भी शुमार हैं।

जान्हवी फिल्म में काम करने को तैयार थीं, लेकिन जूनियर एनटीआर अभिनीत उनकी दूसरी फिल्म की डेट्स इससे टकरा रही थीं। लिहाजा जान्हवी ने यह फिल्म छोड़ दी। वैसे भी वह जानती थीं कि एनटीआर संग काम करना उनके लिए फायदे का सौदा साबित होगा। दूसरी तरफ आदित्य ने फिल्म से इसलिए किनारा किया, क्योंकि उसी बीच उनके पास अनुराग



बसु की फिल्म मेट्रो..इन दिनों का प्रस्ताव आ गया। आदित्य भी मर्डर मुबारक के बजाय मेट्रो..इन दिनों से जुड़ गए। मर्डर मुबारक का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं और इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजान हैं। फिल्म अनुजा चौहान के उपन्यास क्लब यू टू डेथ पर आधारित है। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। दिल्ली के एक बड़े और रसूखदार क्लब में एक ट्रेनर का मर्डर हो जाता है, जिसकी जांच सौंपी जाती है एसीपी भवानी सिंह को। फिल्म में यह किरदार पंकज त्रिपाठी निभा रहे हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338